✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 292 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 22 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



ईद के अवसर पर पटना सिटी स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया में राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की दुआ करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## बिहार में पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू, परिसीमन में नहीं होगा कोई बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी धीरे-धीरे तेज हो रही है। राज्य निर्वाचन आयोग जल्द ही फॉर्म-1 जारी करने वाला है। इसके बाद पूरे राज्य में वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू होगा। माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव नवंबर-दिसंबर 2026 के बीच कराए जाएंगे। इस बार भी 2011 की जनगणना के आधार पर ही इलाकों की आबादी तय की जाएगी। इसके बाद फॉर्म-1 जारी होगा और आम लोगों से दावा और आपत्ति मांगी जाएगी। यानी अगर किसी को अपने क्षेत्र या नाम को लेकर कोई दिक्कत है तो वह इस दौरान अपनी बात रख सकेगा। इन आपत्तियों को निपटाने के बाद ही फाइनल वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी। जून 2026 से वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू हो सकता है। जिला स्तर पर इसकी तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है। हर जिले में डीएम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पंचायत राज पदाधिकारी को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी जिम्मेदारी




दी गई है ताकि काम समय पर पूरा हो सके। पिछली बार पंचायत चुनाव 2021 में हुए थे जो 11 चरणों में पूरे किए गए थे। इस बार भी मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य समेत कुल 6 पदों के लिए मतदान होगा। पूरे राज्य की 8053 पंचायतों में चुनाव कराया जाएगा। इसमें करीब ढाई लाख पदों पर उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। इस बार सबसे बड़ा बदलाव मतदान के तरीके में देखने को मिलेगा। पहली बार पंचायत चुनाव में मल्टी-पोस्ट ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। इसका मतलब है कि मतदाता एक ही बार में 6 अलग-अलग पदों के लिए वोट डाल सकेंगे। इसमें कई बैलेट यूनिट एक कंट्रोल यूनिट से जुड़ी होंगी, जिससे प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। इस बार पंचायत चुनाव को ज्यादा व्यवस्थित और आधुनिक तरीके से कराने की तैयारी है ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस बीच पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने साफ कर दिया है कि राज्य में पंचायत चुनाव तय समय पर ही कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि परिसीमन में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रक्रिया भी पहले की तरह ही चलेगी। मंत्री ने कहा कि प्रमुख और उपप्रमुख का चुनाव भी पहले की तरह निर्धारित नियमों के तहत ही होगा। उन्होंने यह संदेश दिया कि सरकार चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है और इसमें किसी तरह की देरी नहीं होगी।

## मेधा सूची के आधार पर होगा शिक्षकों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षक भर्ती के चौथे चरण (टीआरइ-4) को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। शिक्षा विभाग और बीपीएससी के बीच हुई बैठक के बाद नई प्रक्रिया लगभग तय मानी जा रही है। इस बार भर्ती सिस्टम को ज्यादा साफ, आसान और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे लाखों अभ्यर्थियों को सीधा फायदा मिल सकेगा। नई व्यवस्था के तहत अब चयन पूरी तरह मेरिट यानी मेधा सूची के आधार पर होगा। मतलब साफ है कि जिसने जितना अच्छा प्रदर्शन किया है, उसे उसी हिसाब से जिला मिलेगा। आरक्षण के नियमों का भी पूरी सख्ती से पालन किया जाएगा। पहले कई बार जिला आवंटन को लेकर भ्रम की स्थिति बनती थी, लेकिन इस बार प्रक्रिया को ज्यादा स्पष्ट बनाने की कोशिश है। सबसे बड़ा बदलाव जिला विकल्प को लेकर किया गया है। पहले अभ्यर्थी सिर्फ तीन जिलों का ही विकल्प दे सकते थे लेकिन अब उन्हें सभी 38 जिलों का विकल्प भरने का मौका मिलेगा। फॉर्म भरते समय विकल्प देना जरूरी होगा, नहीं तो आवेदन मान्य नहीं माना जाएगा। इससे उम्मीदवारों के पास ज्यादा मौके होंगे और वे अपनी पसंद के हिसाब से जिले चुन सकेंगे। इसके अलावा, पुराने अल्फाबेट सिस्टम को खत्म करने की तैयारी है। पहले इसी सिस्टम के आधार पर जिला आवंटन होता था, लेकिन अब इसे हटाकर सीधी और सरल प्रक्रिया लागू की जाएगी। इससे ट्रांसफर जैसी परेशानियां भी कम होंगी, क्योंकि जिस जिले में नियुक्ति होगी, वहीं काम करना होगा। इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 46595 पदों को भरा जाएगा। इनमें से करीब 45 हजार पद शिक्षा विभाग के हैं। बाकी पद अलग-अलग कल्याण विभागों में होंगे। कक्षा 1 से 12 तक के शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। माना जा रहा है कि अप्रैल में इसका विज्ञापन जारी हो सकता है। अभ्यर्थियों को अब बस आवेदन शुरू होने का इंतजार है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने दी चैती छठ की शुभकामनाएं

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैती छठ के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा है कि छठ आत्मानुषासन का पर्व है, जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचलगामी और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैती छठ राज्यवासियों के लिये सुख, समृद्धि एवं शांति लेकर आये।

### अगले सप्ताह फिर बिगड़ेगा मौसम का मिजाज, अलर्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शुक्रवार एवं शनिवार को आए आंधी-तूफान ने जमकर कहर मचाया। उत्तर से दक्षिण बिहार तक आंधी, बारिश, ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शनिवार को हवाओं की रफ्तार कम हो गई। अब मौसम धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है। हालांकि, अभी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बिहार में अगले सप्ताह फिर से मौसम बिगड़ेगा। इस संबंध में अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। 27 मार्च को पूरे बिहार में मौसम विभाग का येलो अलर्ट है।

### घर के बाहर युवक की हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के गीधा थाना के ज्ञानपुर गांव में शनिवार को दोपहर एक युवक की हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के बड़े भाई रामाकांत ने बताया कि रवि दोपहर के समय घर के बाहर बैठा था। कुछ देर बात ट्रैक्टर लेकर काम पर जाने वाला था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और रवि पर फायरिंग शुरू कर दी। भाई ने गांव के सरोज कुमार समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** मोहनिया थाना क्षेत्र के बिनोदपुर छोटका कटरा गांव में शनिवार को 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान हरिकेसर पासी के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शनिवार शाम को शव का पंचनामा कर भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता हरिकेसर पासी ने बताया कि मनीष ने पुराने मकान में जाकर कमरे की छत में लगे सीलिंग फैन की कुंडी से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

## डीएम को गुमराह करने वाला खनन निरीक्षक थाना से फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में खनन माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गोपालगंज जिले में अवैध बालू खनन के आरोपी खनन निरीक्षक सौरभ अभिषेक को पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वह नाटकीय ढंग से थाने से फरार हो गया। इस घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में स्थित 12 बालू घाटों की इस सत्र में नीलामी नहीं हुई थी। जब जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने इस बारे में पूछताछ की तो खनन विभाग की ओर से रिपोर्ट दी गई कि जिले में अब कोई बालू घाट बचा ही नहीं है और वे सभी अब खेती योग्य भूमि बन चुके हैं। संदेह होने पर शुक्रवार को डीएम खुद स्थलीय निरीक्षण के लिए निकले। इस दौरान आरोपी निरीक्षक सौरभ अभिषेक ने डीएम को गुमराह करने की हरसंभव कोशिश की। वह डीएम को वास्तविक बालू घाटों पर ले जाने के बजाय करीब चार किलोमीटर तक इधर-उधर घुमाता रहा। जादोपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के मुताबिक, डीएम के निर्देश पर केस दर्ज कर माइनिंग इंस्पेक्टर को हिरासत में ले लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद देर शाम खबर आई कि आरोपी निरीक्षक सौरभ अभिषेक जादोपुर थाने से फरार हो गया है। फिलहाल पुलिस की कई टीमें फरार इंस्पेक्टर की तलाश में छापेमारी कर रही हैं।

## खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ईद के मौके पर शनिवार को फुलवारी शरीफ स्थित प्रसिद्ध खानकाह मुजीबिया पहुंचे। वहां उन्होंने खानकाह के सज्जादा नशीं हजरत मौलाना सैयद शाह आयतुल्लाह कादरी से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। मुख्यमंत्री के खानकाह पहुंचने पर प्रबंधक मौलाना मिन्हाजुद्दीन कादरी मुजीबी और नगर सभापति मो. आफताब आलम ने उन्हें टोपी और गमछा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सज्जादा नशीं के हुजरे में पहुंचे और उनसे लगभग 10 मिनट तक मुलाकात की। मुख्यमंत्री लगभग 10 मिनट तक खानकाह परिसर में रहे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद



लोगों का अभिवादन किया और हाथ हिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। सड़क किनारे खड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए उत्साह दिखाया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खानकाह एवं आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मीडिया कर्मियों को मुख्यमंत्री के नजदीक जाने की अनुमति नहीं थी और वे दूर से ही फोटो व वीडियो बनाते नजर आए। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि ईद के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों को तथा विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। खुदा इस मुबारक दिन पर हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि आए। खानकाह के पास मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारे भी लगाए। लोग सीएम नीतीश कुमार बिहार छोड़कर राज्यसभा नहीं जाने की अपील कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और आगे बढ़ गए। खानकाह प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के फुलवारी शरीफ पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उन्हें देखने के लिए एकत्र हो गए। मुख्यमंत्री के साथ कई मंत्री मौजूद थे।

## पीएलएफआइ के दो हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली। रजौली थाना क्षेत्र में एसटीएफ और नवादा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो हार्डकोर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक समेत खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। इस कार्रवाई से किसी बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार इन दोनों उग्रवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। संयुक्त टीम ने रजौली थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को धर दबोच लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान दयानंद राजवंशी उर्फ गुर्जर उर्फ पप्पू पिता स्व रामेश्वर राजवंशी और मिथलेश राजवंशी पिता सादो राजवंशी के रूप में हुई है। दोनों रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद दोनों नक्सलियों की निशानदेही पर पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के भानेखाप स्थित पहाड़ी और जंगली इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। इसमें 315 बोर की दो राइफल, 20 जिंदा कारतूस, टैक्टिकल गियर बुलेटप्रूफ प्लेट के साथ एक बुलेटप्रूफ पटका, 9 डेटोनेटर 40।625 किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ, करीब 100 मीटर वायर शामिल है। पुलिस के अनुसार बरामद सामग्री से यह आशंका जताई जा रही है कि नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। फिलहाल इस मामले में रजौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नेटवर्क से जुड़े अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने दी बिहार दिवस की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने अपने संदेश में कहा है कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बिहारवासी आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सद्भाव बनाये रखते हुये बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचायेंगे। उन्होंने समृद्ध बिहार के संकल्प को पूरा करने हेतु समस्त बिहारवासियों का आह्वान किया है।

## पीएम आवास के योग्य लाभुकों की पहचान करेगा एआई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हुए सर्वे में चिह्नित लाभुकों की अब एआई से भी जांच होगी। सर्वे में राज्य के एक करोड़ चार लाख परिवारों की सूची बनी है। इन सूची में से योग्य लाभुकों की पहचान भारत सरकार एआई के माध्यम से करेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही लाभुकों की सूची बनायी गयी है, फिर उनका भौतिक सत्यापन भी कराया गया है। भौतिक सत्यापन में 1.04 करोड़ में करीब 40 लाख लाभुक अयोग्य पाए गए हैं। विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि सर्वे के दौरान इस्तेमा ते ल सॉफ्टवेयर में भी एआई तकनीक का प्रयोग किया गया था। सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑन स्पॉट लाभुकों की तस्वीर और उनके मकान का फोटो लिया गया था। चिह्नित लाभुकों के ये सारे ब्योरे भारत सरकार के पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब भारत सरकार एआई के माध्यम से इस पोर्टल पर दर्ज जानकारी का एआई के माध्यम से सत्यापित करेगा।

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



बिहार दिवस
22 मार्च 2026

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

बिहार दिवस के अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं बिहारवंशियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

बिहार लोकतंत्र की जननी तथा ज्ञान, साधना, अहिंसा, करूणा एवं प्रेम की पावन भूमि है। इस राज्य को अनेक महापुरूषों की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है तथा भारत के निर्माण एवं विकास में इसका अद्वितीय योगदान रहा है।

आइए, बिहार दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर राज्य के उज्ज्वल और प्रगतिशील भविष्य के निर्माण का संकल्प लें तथा अपनी गौरवशाली विरासत का संरक्षण करते हुए विकास और समृद्धि में सक्रिय योगदान दें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 026716 (Governor Secretariat)D. 2025-26



## लू के बचाव से संबंधित तैयारी करने का निर्देश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गर्मी की आहट के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी अस्पतालों को लू के बचाव से संबंधित तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। भीषण गर्मी और लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए सभी अस्पतालों में समुचित संख्या में डेडिकेटेड वार्ड और बेड की व्यवस्था रखने को कहा गया है। डेडिकेटेड वार्ड में 24 घंटे डाक्टरों और पारा मेडिकल स्टाफ की रोस्टर ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार ने इसको लेकर सभी सिविल सर्जनों, मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षकों और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशकों को पत्र भेजा है। इसमें सिविल सर्जन को अपने स्तर से सभी एंबुलेंसों में एयर कंडीशन की क्रियाशीलता, आक्सीजन एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की समीक्षा करने को कहा गया है। स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश में कहा है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। ऐसे में लू से पैदा होनेवाली गंभीर परेशानियों से लोगों को बचाने की तैयारी सुनिश्चित कर लें। खासकर छोटे बच्चों, स्कूली बच्चों, बुजुर्ग और गर्भवती के साथ दूध पिलानेवाली माताओं के अलावा विभिन्न कार्य के लिए घर से बाहर निकलने वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी काफी समस्याएं होती है।




संदेश

बिहार दिवस के शुभ अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

यह दिवस हम सभी को बिहार के गौरवशाली अतीत का स्मरण कराते हुए बेहतर वर्तमान एवं उज्जवल भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर हम विकसित बिहार के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका के जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन का संकल्प लें।

डॉ० प्रेम कुमार
अध्यक्ष, बिहार विधान सभा



CMYK

# सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रसव पूर्व जांच करने पर जोर : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी दिशा में सभी गर्भवती महिलाओं में एचआईवी, सिफलिस ( यौन संक्रमण से फैलने वाले रोग) एवं हेपाटाइटिस के संक्रमण की पहचान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस हेतु मिशन मोड में राज्य के अंदर सभी गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही में ही एचआईवी, सिफलिस एवं हेपाटाईटिस की जांच शुरू कर दी गयी है। यह जांच महीने की 9, 15 और 21 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में एचआईवी एवं सिफलिस के प्रसार को रोकना और नियंत्रित करके मातृ और शिशु स्वास्थ्य परिणाम में सुधार करना है। राज्य के अंदर सतत विकास लक्ष्य की पूर्ति के लिए मिशन एड्स सुरक्षा अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस के लिए दिसंबर 2026 तक लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य और जिला स्तर पर मिशन मोड दृष्टिकोण एवं समेकित प्रयास की आवश्यकता है। जिलों को स्पष्ट निर्देश भी दिए गए हैं। सभी लेबर रूम, डिलीवरी प्वाइंट, आरोग्य सत्र दिवसों की साइट पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए ड्यूल एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस किट के माध्यम से जांच सुनिश्चित की जा रही है। सभी संस्थानों में आवश्यकतानुसार एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस किट सुनिश्चितता किया गया है। एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं के लिए एआरटी उपचार की ससमय शुरुआत की जाएगी और सिफलिस से संक्रमित माताओं के लिए उपचार एवं फॉलोअप मार्गदर्शिका के अनुसार की जाएगी। सभी एक्सपोज्ड शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद नजदीकी एसएनसीयू में भर्ती किया जाएगा ताकि आवश्यक मूल्यांकन करते हुए उपचार मार्गदर्शिका के अनुसार संभव हो सके। सभी एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं की 32 - 36 सप्ताह की गर्भावस्था में वायरल लोड जांच अनिवार्य की गयी है। सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों में किए गए एचआईवी और सिफलिस स्क्रीनिंग में रिएक्टिव पाए जाने वाले व्यक्तियों को नजदीकी एसटीडी केंद्रों से समन्वय स्थापित करते हुए एचआईवी और सिफलिस से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। श्री पांडेय ने कहा कि सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में कार्यरत सेवा प्रदाताओं चिकित्सकों, आशा, नर्सिंग कर्मियों तथा अन्य लोगों का नियमित अंतराल पर क्षमतावर्धन किया जाएगा। हॉटस्पॉट, सुदूर क्षेत्रों, उच्च एचआईवी प्रसार वाले क्षेत्रों में एचआईवी संक्रमितों की पहचान के लिए आवश्यकतानुसार समेकित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नियमित अंतराल पर सुनिश्चित की जाएगी।

# बिहार दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने दी बधाई

## गौरवशाली विरासत को बताया प्रेरणा का स्रोत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी होने के साथ-साथ ज्ञान, साधना, अहिंसा, करुणा और प्रेम की पावन भूमि है जिसने युगों-युगों से मानव सभ्यता को दिशा और प्रकाश प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि बोधगया में भगवान बुद्ध ने अहिंसा और शांति का संदेश दिया, वहीं वैशाली में भगवान महावीर ने त्याग और करुणा का दिव्य उपदेश दिया। साथ ही वैशाली को विश्व के प्रथम गणतंत्र के रूप में उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से लोकतांत्रिक चेतना की अमर नींव रखी गई। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि आचार्य चाणक्य, आर्यभट्ट और नालंदा तथा विक्रमशिला की ज्ञान परंपरा ने सदियों तक पूरे विश्व को नीति, विज्ञान और शिक्षा का अमृत प्रदान किया। उन्होंने बिहार दिवस को आधुनिक बिहार के गठन और उसके गौरव का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस दिवस का उद्देश्य राज्य की गरिमा को पुनर्स्थापित करना और हर बिहारवासी के मन में गर्व की भावना को नई ऊर्जा देना है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन महान विभूतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है जिन्होंने अपनी साधना, तपस्या और बलिदान से इस धरती को गौरवान्वित किया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह दिवस हमें हमारी महान परंपरा की याद दिलाता है जिसने न केवल भारत बल्कि पूरी मानवता को नई दिशा, दृष्टि और चेतना दी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस अवसर पर सभी मिलकर संकल्प लें कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए राज्य के विकास और उत्थान में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे, ताकि एक विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त और गौरवशाली बिहार का निर्माण किया जा सके।

# 28 और 29 मार्च को मगही महोत्सव का आयोजन

## गया घराने की गायकी से होगा महोत्सव का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आगामी 28 और 29 मार्च को मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति-सिनेमा, लोक कला, लोक गायन, इतिहास-परंपरा का दो दिवसीय उत्सव आयोजित होने जा रहा है। यह महोत्सव पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित किया जाएगा जो सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मगही लोक भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत में विमर्श को बढ़ावा देना है। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के जरिए मगही की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। मगही महोत्सव के संयोजक रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल और उज्ज्वल कुमार ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति, लोक-कला, लोक-गायन, इतिहास व परंपरा आदि को लेकर विविध सत्र आयोजित होंगे वहीं दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव में मगही भाषा की फिल्में दिखाई जाएगी। महोत्सव का शुभारंभ गयाजी संगीत घराना की गायकी से होगा वहीं आयोजन के दरम्यान मगध के पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी के साथ मगही भाषा के पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगेगी। मगही महोत्सव में कई रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विमर्श और परिचर्चा के सत्र होंगे जहां मगही भाषा और साहित्य पर गहन चर्चा होगी। इसके अलावा युवा और नव उद्यमियों के साथ संवाद का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें नई पीढ़ी को मगही संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। लोक गायन और मगही कवि सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साथ ही फिल्म फेस्टिवल का आयोजन इस महोत्सव को और भी उत्सवी बनाएंगे। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन में मगही भाषा और साहित्य के क्षेत्र में देश और प्रदेश में कार्यरत प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

# मृत्यु प्रमाण पत्र की परेशानी खत्म, 24 घंटे में परिजनों को मिलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की पंचायतों में 24 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र उनके परिजनों को मिल जाएगा। पंचायती राज विभाग की तैयारी है कि पंचायत सचिव के माध्यम से हर हाल में निर्धारित समय के अंदर मृत्यु प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिया जाए। इसका प्रस्ताव पंचायती राज विभाग ने तैयार कर लिया है। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया है कि अब एप के जरिए काम जल्द हो जाएगा। विभाग वार्ड सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी देने जा रहा है जिसके लिए उन्हें मासिक भुगतान भी दिया जाएगा। नई व्यवस्था से आम जनों को दलाल और बिचौलियों से मुक्ति मिल जाएगी।

शीर्षस्तर पर मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। अभी पंचायतों में मृत्यु प्रमाणपत्र 21 दिनों के अंदर मिलता है। पंचायतों के निकट के श्मशान तथा कब्रिस्तान के निकट के वार्ड सदस्य को मृतक व्यक्ति की पहचान का जिम्मा देने की तैयारी है। इसके लिए वार्ड सदस्य को प्रतिमाह दो-दो हजार रुपये देने का प्रस्ताव है। साथ ही प्रत्येक मृतक की पहचान कर पूरी जानकारी देने और सफाई के लिए अलग से 100 रुपये भी देने का प्रस्ताव है। वार्ड सदस्य की अनुपलब्धता की स्थिति में कोई अन्य कर्मी इसके लिए प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। मृतक के संबंध में परिवार, पड़ोसी या गांव के लोगों से सूचना ली जाएगी। पंचायती राज विभाग पंचायतों के निकट के श्मशान धाट को मोक्षधाम के रूप में भी विकसित करेगा। इसके लिए प्रत्येक श्मशान घाट में 19 लाख रुपये खर्च कर यहां शेड सहित सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जानी है। इसमें पेयजल की उपलब्धता भी शामिल है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में अधिकारी क्लब, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनीता सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने महिलाओं के उत्थान और कार्यों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के विषय में महत्वपूर्ण सलाह महिला रेलकर्मियों के साथ साझा की। कार्यकारिणी की सदस्या श्रुति पांडे ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनके निदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यकारिणी की सदस्या वन्दना कुमार ने अपनी कविता से कार्यक्रम को उर्जावान बनाया वहीं, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव ने अपने गायन से कार्यक्रम में आए सभी श्रोतागण को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरक्षा विभाग, हाजीपुर द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और उससे बचने के उपायों के बारे में रेलकर्मियों को सजग किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे जोन से चयनित 16 उत्कृष्ट महिला रेल कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा निशी कुमारी, एकाउंटेंट, हाजीपुर को नई दिल्ली में आयोजित आरडब्लूसीसीओ द्वारा सम्मानित किए जाने पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

# 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इस बार बिहार दिवस के मौके पर 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से महिला एवं बाल विकास निगम को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। गांधी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली विभिन्न इकाइयों की तरफ से उनकी योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं के प्रदर्शन के लिए थीम-आधारित पवेलियन/स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इन पवेलियनों के जरिए आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा विभाग के पलेवियन में इस बार सूबे की पारंपरिक कलाओं मसलन लहठी एवं सुजनी कलाओं का प्रदर्शन करने के साथ-साथ महिला उद्यमियों के उत्पादों का प्रदर्शन-सह-विपणन करने के लिए भी पर्याप्त स्थल उपलब्ध कराया गया है। विभाग की इकाईयों में समाज कल्याण निदेशालय, आई.सी.डी.एस. निदेशालय, राज्य आयुक्त निशक्तता कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पूअर एंड सोशल वेलफेयर एवं राज्य बाल संरक्षण समिति आयोजन में शामिल रहेंगे।

# बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर जंदाहा में 'बिहार महोत्सव' का आयोजन, सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर / वैशाली।** बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर आज जंदाहा स्थित एक विद्यालय परिसर में 'बिहार महोत्सव 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का संयोजन प्रसिद्ध कवयित्री वर्षा ठाकुर द्वारा किया गया जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आमंत्रित कवि, कलाकार एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं बिहार की समृद्ध परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली। इस गरिमामयी अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र पासवान एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बिहार की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों के अनुसार इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रचारित करना तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी (दिल्ली), दिव्यांश दुष्यंत (उत्तराखंड), विकास बैरागी गुरु (मध्य प्रदेश), प्रियंका मिश्रा (कटनी, मध्य प्रदेश), शिवम सांबरा (लखनऊ) सहित कई प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा (वैशाली) के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संयोजक वर्षा ठाकुर एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं तथा बिहार दिवस के उत्सव को और अधिक विशेष बनाते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की भारी भागीदारी रही और 'बिहार महोत्सव 2026' लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह आयोजन बिहार दिवस के उत्सव को यादगार बनाने में सफल रहा।

# पटना में 2 अप्रैल को पंचम हनुमान जन्मोत्सव, दो दिवसीय कार्यक्रम की भव्य तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कंकड़बाग टेंपो स्टैंड पर आगामी 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले पंचम हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने की जिसमें कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन दो दिनों तक किया जाएगा। 1 अप्रैल को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, वहीं शाम को निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित होगा जिसमें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों का इलाज और परामर्श दिया जाएगा। 2 अप्रैल को मेगा हेल्थ कैंप के साथ-साथ 'मां ब्लड बैंक' के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसी दिन संध्या से भव्य हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है जिसके चेयरमैन मधुप मणि 'पिक्कू' को बनाया गया है।

# शक्तिधाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी गणगौर पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर में आज प्रातः से ही गणगौर पूजन के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह छह बजे से ही सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचीं। महिलाओं ने प्रसाद की थालियों में खीर, पूरी, गुड़, गेहूं, जौ, दूब, रोली आदि पूजन सामग्री सजाकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से गणगौर माता की पूजा की। मंदिर परिसर का दृश्य अत्यंत मनमोहक था, मानो सम्पूर्ण राजस्थानी संस्कृति शक्तिधाम में साकार हो उठी हो। श्रद्धालु महिलाओं के मधुर भजन और पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आज संध्या में गणगौर माता का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर पूजा से एक दिन पूर्व श्री राणीसती दादीजी का सिंधारा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दादीजी का विशेष श्रृंगार किया गया, उन्हें मेहंदी लगाई गई, चूड़ा पहनाया गया तथा पूरे मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। साथ ही छप्पन भोग अर्पित किया गया जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने लाल-पीली राजस्थानी साड़ियों में सजकर पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से दादीजी का आह्वान किया।

# खादी नेता आचार्य बाल विजय के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति, बिहार नशाबंदी परिषद, सर्वोदय समाज के संयुक्त तत्वावधान में संत विनोबा भावे के अनुयायी बाल विजय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। तैल चित्र पर माल्यार्पण के बाद दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि उनके निधन से खादी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई अभी तत्काल संभव नहीं है। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि प्रख्यात सामाजिक चिंतक, भूदान, खादी जगत के प्रणेता आचार्य बाल विजय के 100 वर्ष पर निधन से हम सभी सर्वोदय समाज के लोगों को गहरा आघात पहुंचा है। लोग सदमे में हैं कि हमने राष्ट्रीय स्तर का चिंतक, विचारक को खो दिया। भगवान उनके आत्मा को शांति प्रदान करें। सर्वोदय समाज के वरिष्ठ साथी प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि खादी जगत की पहचान देने वाले बाल विजय के निधन से पूरा खादी जगत मर्माहत है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने 45 वर्ष से ज्यादा खादी जगत को मार्गदर्शन किया। शोक व्यक्त करने वालों में ऊषा, क्रांति, दिलीप कुमार, मनीष प्रकाश, सुभाष यदुवंशी, मनोज कुमार, अरब, केशव कश्यप, सज्जन कुमार, गोलू राजा, सुजीत राय, सुमित कुमार, संजय मांझी सहित अन्य शामिल है।

# छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना सिटी।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में आज बेलवरगंज में 31 चैती छठ व्रत करने वाली महिलाओं में सूप, साड़ी, फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप महापौर रेशमी चन्दवंशी, समाजसेवी राजेश राय, कमलनयन श्रीवास्तव, उर्मिला मिश्र, इं. अजय यादव ने लोक आस्था के पर्व छठ की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ उर्मिला मिश्र के छठ गीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश राज ने किया। सर्वश्री कंचन देवी, दुलारी देवी, रीना देवी, सुनील पाण्डेय, सोनी देवी, बेबी रानी, सीमा देवी, रीना देवी, राधा देवी, संजू देवी, अंशु देवी, पिंकी देवी, जुली देवी, बजरंगी देवी, रिंकी देवी, ममता देवी, प्रियंका देवी सहित 31 छठ व्रत करने वाली महिलाओं को सूप, साड़ी एवं पूजन सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर रितु राज, उज्जला राज, मोहित, परितोष, शैल सिंह, सपना रानी, निशु चन्दवंशी, प्रिया, संजना आर्या, डिम्पल, पिंकी शर्मा, प्रियांशी आर्या, रजनी, संध्या जायसवाल, अपराजिता श्रीवास्तव आदि सक्रिय रहे।

# कारीगरों के हित में निरंतर किए जा रहे प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, पटना द्वारा अरवल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 लाभार्थियों/कारीगरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था। इस अवसर पर सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना घमंडी लाल मीणा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया एवं रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना आर. के. चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि विभाग द्वारा कारीगरों के हित में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, अरवल, आरएसडीई, पटना तथा एलडीएम, अरवल के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता करते हुए कारीगरों को योजनाओं से जुड़ने एवं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग के संबंध में सोनल पटेल तथा सेल्स एवं मार्केटिंग के विषय में अनुपम प्रियदर्शी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# पूर्वजों के आदर्शों से राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'पूर्वज स्मृति न्यास' के तत्वावधान में विद्यापति भवन, पटना में आयोजित पूर्वज स्मृति समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को अपने पूर्वजों के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके योगदान के प्रति जागरूक करना तथा उनसे प्रेरणा लेकर समावेशी एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करना रहा। इस अवसर पर देश के अनेक प्रतिष्ठित संत-महात्माओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। प्रमुख रूप से स्वामी देवकीनंदन भारद्वाज महाराज, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, स्वामी रंगनाथाधार्य जी महाराज, पद्म भूषण डॉ. सी.पी. ठाकुर, आई.एम.ए. के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ. शांति राय, समाजसेवी संजय किशोर, लंदन से आये आशुतोष कुमार, आई जी आई एम एस के पूर्व निदेशक अरुण कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. विनोद शर्मा, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट टाइम्स के संपादक तथा पूर्वज स्मृति न्यास के संयुक्त सचिव राजेश सिन्हा तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आनंदवर्धन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पूज्य स्वामी राममप्रपन्ना जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनका प्रेरणादायक संबोधन रहा। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि पूर्वज केवल हमारे इतिहास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे संस्कार, हमारी पहचान और हमारे भविष्य की दिशा हैं। यदि समाज को सशक्त बनाना है तो हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों–समानता, सेवा और समर्पण–को जीवन में उतारना होगा। यही मार्ग हमें एक समरस और विकसित भारत की ओर ले जाएगा। पूर्वज स्मृति न्यास के अध्यक्ष डॉ. मृणाल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने मूल्यों से जोड़ना है। पूर्वजों के योगदान को स्मरण कर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। वहीं, न्यास के महासचिव विनोद कुमार पंकज ने कहा कि पूर्वज स्मृति समारोह समाज में एकता, समरसता और जागरूकता का संदेश देता है। हम सभी का दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर डॉ राजेश रंजन, डॉ सत्यजीत कुमार सिंह, डॉ निशिकांत कुमार, डॉ मृत्युंजय, बाल्डविन के निदेशक प्रभास कुमार, पूर्व आईजी गिरजानंदन शर्मा, संजय किशोर, बिहार विधानसभा के पूर्व निदेशक अनिमेष कुमार, डॉ रत्नेश चौधरी, डॉ निखिल रंजन, बी एम एस की प्रीति प्रिया, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अरुण कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति पूर्वज स्मृति न्यास ने आभार व्यक्त किया।

# मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत की मिसाल बनी डिहरी की ईद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** पवित्र रमजान महीने के समापन पर मनाई गई ईद-उल-फितर का पर्व डिहरी में पूरे उल्लास, श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया गया। ईदगाह मस्जिद एवं बारह पत्थर सहित कई मस्जिदों में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने एकत्र होकर शिद्दत और एहतराम के साथ ईद की नमाज अदा की। ईदगाह मस्जिद में नमाज हाफिज अलाउद्दीन साहब की इमामत में अदा की गई। नमाज के बाद देश की तरक्की, अमन-चैन, आपसी भाईचारा और मोहब्बत कायम रहने की दुआ मांगी गई। इसके पश्चात लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जिससे दिलों की दूरियां भी मिटती नजर आईं। रोजेदारों मो. इमरान और मो. अख्तर अंसारी ने कहा कि ईद हमें सब्र, इबादत और अपने नफ्स पर काबू पाने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि यह दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने, लोगों को माफ करने और मोहब्बत बांटने का है। साथ ही उन्होंने अपील की कि ईद की खुशियों में गरीब, यतीम और जरूरतमंदों को भी शामिल करें, ताकि उनके चेहरों पर भी मुस्कान आ सके। डिहरी की ईद अपनी तहजीब, शाइस्तगी और मजहबी परंपराओं के लिए जानी जाती है। हर गली-मोहल्ला खुशियों से जगमगा उठा। लोग एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयां खाते और मुबारकबाद देते नजर आए। मौके पर राजद प्रत्याशी रहे गुड्डू चंद्रवंशी, धनंजय सिंह, असलम कुरैशी, मुन्ना लाल कशेरा, जोखन चंद्रवंशी, पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं पुलिस निरीक्षक सह नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए जहां बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात रहे। इसी क्रम में इंडियन मुस्लिम यूथ कमिटी, स्टेशन रोड द्वारा भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष आबिद अली, अजहर राईन और बद्री आलम ने किया। समारोह का उद्घाटन डॉ. निर्मल कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ. रागनी सिन्हा, राजू गुप्ता, कौशलेंद्र कुशवाहा, उर्मिला देवी, शुभम सिंह, अजय कुमार कुशवाहा (जिला परिषद), असलम कुरैशी, अख्तर अंसारी, कामरेड आजाद, पीर मोहम्मद राइन, शिव गांधी, शिव जी गुप्ता, नंदन गुप्ता, अमित कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। ईद के इस पावन अवसर पर डिहरी ने एक बार फिर मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत की खूबसूरत मिसाल पेश की।

# गौरैया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## स्कूली बच्चों को दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** राजकीय मध्य विद्यालय, गोडारी में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और समाज में गौरैया और अन्य पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के संस्थापक शिवम कुमार ने विद्यालय परिवार को गौरैया की फोटो भेंट की। इसके बाद बच्चों को गौरैया और अन्य पक्षियों के जीवन, महत्व और चुनौतियों पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म देखने के बाद बच्चों ने गौरैया के संरक्षण के महत्व को समझा। शिवम कुमार ने अपने संबोधन में गौरैया की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि शहरीकरण, कंक्रीट के जंगल और कीटनाशकों के उपयोग के कारण गौरैया का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने बच्चों और समाज को गौरैया के संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया- जैसे कि अपने घरों में दाना-पानी रखना और पेड़-पौधे लगाना। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि हम अभी से जागरूक होकर छोटे-छोटे कदम उठाएं तो हम न केवल गौरैया बल्कि समस्त जीव-जगत को सुरक्षित रख सकते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया भारतीय नव वर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अनुमंडल क्षेत्र के नासरीगंज ठाकुरबाड़ी पर भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 को बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा पर सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में आर्ध्य संचालन और प्रणाम के साथ हुई। विभाग सह व्यवस्था प्रमुख विजयंत सिंह ने अपने बौद्धिक में कहा कि संघ ने शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन का कार्य करने के लिए जो आग्रह किया है, सभी लोग प्रयास करने लगे तो अपना घर के साथ-साथ देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इसके बाद शाखा पर प्रार्थना करने के बाद पथ संचलन काली मंदिर से मंगल बाजार होते हुए यादव टोला, बड़ी बाजार होकर हरिहरगंज शिव मंदिर के पास समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला संघ चालक डॉ विश्वनाथ प्रसाद, जिला कार्यवाह संतोष कुमार, खंड कार्यवाह अविनाश कुमार, बबलू, अवधेश कुमार, भारतेंदु नारायण, उदय केसरी, रमेश कुमार, अनिल यादव, लाल बाबू, संतोष कुमार, अनिकेत कुमार नमन, संतोष कुमार आर्य, चीकू कुमार, संदीप जी, करण विजय सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील जी, पवन कपाड़िया, ओमप्रकाश गुप्ता, अजय पंडित, मनीष विष्णु, भगवान देवनारायण प्रसाद, मोनू कुमार और प्यारेलाल प्रसाद सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-फितर

## नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** ईद न केवल इबादत और शुक्राने का दिन है बल्कि भाईचारे, मोहब्बत और खुशियों को बांटने का भी एक खास मौका है। इसी भावना के साथ ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर सुबह से ही ईदगाहों एवं विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी तथा एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बिक्रमगंज निवासी एवं विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मी मो. आदिल खान ने बताया कि इस्लामी कैलेंडर चांद पर आधारित होता है, इसलिए ईद-उल-फितर की तारीख हर वर्ष बदलती रहती है। यह पर्व शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है जो पवित्र रमजान माह के समापन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि ईद की तारीख तय करने का सबसे अहम आधार चांद का दीदार होता है। रमजान के 29वें दिन चांद दिखने पर अगले दिन ईद मनाई जाती है अन्यथा 30 रोजे पूरे होने के बाद ईद मनाई जाती है। ईद के अवसर पर घरों में विशेष रूप से मीठी सेवइयों एवं विभिन्न पकवान बनाया जाता है।

# चार दिवसीय चैती छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के दरिहट स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर एवं बाबा सुरदास की कुटिया पर बने छठ घाट पर चार दिवसीय चैती छठ महापर्व को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही है। घाट की साफ-सफाई और स्वच्छ पानी की व्यवस्था में गांव के बच्चे, युवा और ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आयोजक भुअर सिंह ने बताया कि इस छठ घाट का निर्माण मुखिया शारदा कुंवर के सौजन्य से कराया गया था, तभी से यहां हर वर्ष चैती छठ महापर्व का भव्य आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पर्व की शुरुआत 22 मार्च को नहाय-खाय से होगी, 23 मार्च को खरना, 24 मार्च को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य और 25 मार्च को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही चैती छठ का पर्व नजदीक आता है, गांव के बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिलता है। एक सप्ताह पहले से ही सभी लोग मिलकर घाट की सफाई और सजावट में जुट जाते हैं। इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्व के दौरान भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। 24 मार्च को भव्य भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें भोजपुरी गायक रंजन रसिला, उत्तम राज, लवली गुप्ता और सीमा गुप्ता अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन अनिल विश्वास करेंगे। छठ घाट की साफ-सफाई, आकर्षक लाइटिंग और साउंड व्यवस्था में जाफर अंसारी, बाबूजान, सुनील कुमार, महाराजा शर्मा, सलीम हुसैन, अनीष शर्मा, नीरज कुमार, सोनू कुमार, भोला राम और संदीप पासवान सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा है। चैती छठ महापर्व को लेकर दरिहट गांव में भक्तिभाव, उत्साह और सामूहिक सहयोग की अद्भुत झलक देखने को मिल रही है।

# शिक्षिका से सोने की चेन की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अपराध की बढ़ रही घटनाओं के बीच एक बार फिर उच्चकों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है और इस कड़ी में अनुमंडल अंतर्गत दावथ थाना क्षेत्र में इन दिनों राहगीरों से छिनतई करने वाले गिरोह के आतंक से लोग काफी भयभीत हो रहे हैं। गुरुवार की शाम कोआथ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की पत्नी मध्य विद्यालय सुंदर की शिक्षिका कुमारी सुधा से दो की संख्या में बाइक सवार हथियार से लैस अपराधियों ने विद्यालय से घर वापस जाने के क्रम में हथियार का भय दिखा कर सोने की चैन छीन लिया और भागने में सफल हो गए। पीड़िता के पति पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सचिदानंद सिंह ने बताया कि मेरी पत्नी मध्य विद्यालय सुंदर में शिक्षिका हैं, उनका परीक्षा सेंटर उसरी के एक विद्यालय में था। परीक्षा समाप्त होने पर पैदल वापस कोआथ घर जा रही थी। तभी कोआथ उसरी पथ पर जनकपुर गांव के समीप एक होंडा बाइक पर दो सवार अपराधियों ने पेट्रोल कहां मिलने को लेकर पूछने लगे और पास आ कर सोने की चैन गले से छिन लिया। हो हल्ला करने पर जब तक लोग जुटते तब तक अपराधी बाइक से भाग निकले। घटना को लेकर थाने में लिखित शिकायत की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय बैठक में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जनता दल यूनाइटेड के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों ने पहली बार जिला स्तरीय बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री के 24 मार्च को डिहरी ऑन-सोन के बस्तीपुर पंचायत में आगमन को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के जिलाध्यक्ष ने विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों के साथ तैयारी बैठक की। सूर्यपुरा प्रखंड अध्यक्ष रवि पटेल और दावथ प्रखंड अध्यक्ष गंगासागर कुशवाहा ने बताया कि यह पहली बैठक थी जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी के तरफ से स्वागत और अभिवादन, संवाद, वाटर प्लांट और सुधा डेयरी का रिव्यू, एनिकट में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने विचार रखे और मुख्यमंत्री के आगमन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# ईद-उल-फितर पर अता की गई सामूहिक नमाज

## जिला परिषद सदस्य ने मिल लोगों को दी मुबारकबाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** दरिहट गांव में ईद-उल-फितर का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दरिहट गांव में स्थित मस्जिद में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने देश और प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। मस्जिद परिसर में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी जिससे गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली।

इस अवसर पर रोहतास जिला परिषद सदस्य नथुनी राम पहुंचकर जहां स्थानीय लोगों से उनसे मुलाकात कर ईद की शुभकामनाएं दीं। सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है तथा समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करता है। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में विशाल-निशांत बने चैंपियन, खिलाड़ियों का भव्य सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी पुलिस केंद्र में डिहरी बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल समापन हुआ। 18 से 19 मार्च तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल और निशांत की जोड़ी ने खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं विनोद और शशि की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया।

फाइनल मैच के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को डिहरी के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. कश्यप ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि व्यस्त जीवनशैली में इस तरह के खेल आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने युवाओं से खेल के प्रति जागरूक रहने और ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अवर निबंधन पदाधिकारी योगेश त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, पीयूष जी, विनोद यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

डिहरी बैडमिंटन क्लब पुलिस लाइन के तत्वावधान में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में शशि, विनोद, राकेश, जीतू, निशांत, विशाल, हरीश, सिद्धार्थ, सुशांत, संतोष, अमित, लक्ष्य, आनंद, पिंटू, सोनी, संजय, बाला और पीयूष सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



# नई उद्योग नीति से औद्योगिक विकास को मिल रही गति : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिला अतिथि गृह सभागार में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में पीएनबी बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी तथा स्थानीय व्यवसायी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य फोकस औद्योगिक कॉरिडोर और नई उद्योग नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से बिहार में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल रही है और यह राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जानकारी दी कि देश के 12 राज्यों में विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारों में गया जिला भी शामिल है। डोभी क्षेत्र में करीब 1070 एकड़ भूमि पर औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि नई उद्योग नीति के तहत निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। उद्योगों को भूमि उपलब्ध कराने के साथ बिजली की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है और जीएसटी में भी विशेष छूट का प्रावधान है। इस नीति में बड़े उद्योगों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को भी प्राथमिकता दी गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि श्याम स्टील की ओर से 5000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। वहीं नवादा जिले में अदानी समूह द्वारा एसीसी सीमेंट संयंत्र का शिलान्यास हो चुका है और कार्य प्रगति पर है। गुरुआ क्षेत्र में पूर्व में बंद पड़ी शुगर मिल की भूमि का पुनः उपयोग करते हुए वाहन उद्योग स्थापित किया गया है जो सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक गलियारे में देश की बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं जिससे गया जिला और मगध प्रमंडल के उद्यमियों को व्यापक लाभ मिलेगा।



साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि एमएसएमई क्षेत्र के छोटे उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नई उद्योग नीति के तहत 5 करोड़ रुपये तक निवेश करने वाले उद्योगों को छोटे उद्योग की श्रेणी में रखा जाएगा और निवेश के आधार पर भूमि, बिजली तथा अन्य सुविधाओं में छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योग स्थापित करने की अनुमति भी दी गई है। कोलकाता-अमृतसर औद्योगिक कॉरिडोर के सर्वेक्षण कार्य के जारी रहने की जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक बृहस्पतिवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है जिसमें निवेशकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। बियाडा के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि आईएमसी क्लस्टर के अंतर्गत विभिन्न उद्योगों को शामिल किया जा रहा है और अब तक 300 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। साथ ही औद्योगिक गलियारे में 300 एकड़ क्षेत्र में जल संरक्षण की व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि यह औद्योगिक गलियारा बिहार के साथ-साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लिए व्यापारिक दृष्टि से लाभकारी होगा जिसमें टेक्सटाइल, इलेक्ट्रिक परिवहन, आईटी समेत कई क्षेत्रों के उद्योग स्थापित किए जाएंगे। गया जिले में अब तक लगभग 14,000 करोड़ रुपये के निवेश को स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें 6,600 करोड़ रुपये छोटे उद्यमियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 2,413 लाभुकों को पहली किस्त भी जारी की जा चुकी है।

## मगध विश्वविद्यालय में एल्यूमिनी मीट की तैयारियों को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध विश्वविद्यालय में प्रस्तावित एल्यूमिनी मीट की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एल्यूमिनी एसोसिएशन की कन्वीनर प्रोफेसर डॉ. निभा सिंह ने की जिसमें आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों के समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में आगामी 19 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले भव्य एल्यूमिनी मीट की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल द्वारा किया जाएगा जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और विभिन्न स्तरों पर समन्वय को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी समन्वयकों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास पर जोर दिया गया। यह भी तय किया गया कि मगध विश्वविद्यालय का एल्यूमिनी मीट राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श और उत्कृष्ट आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियों को समयबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से पूरा करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में विश्वविद्यालय के शिक्षक और संबंधित पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई कि यह एल्यूमिनी मीट पूर्व छात्रों और वर्तमान शैक्षणिक समुदाय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विश्व वानिकी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गया वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, वनपाल, वनरक्षी एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में कुसाबीजा पौधशाला बाराचट्टी, ब्रह्म वन पार्क, कोसडिहरा, गया तथा गुरपा वन प्रक्षेत्र अंतर्गत नवागढ़ पौधशाला एवं वन प्रक्षेत्र कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय लोग एवं वनकर्मियों ने मिलकर 200 से अधिक पौधे लगाए एवं इनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वन के महत्व, निरंतर घटते वनावरण और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान वन संरक्षण से संबंधित ऐतिहासिक और वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं।



# 394 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गया जिले में मद्य निषेध टीम और बहेरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में करीब 394 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 20 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी झारखंड से बिहार में अवैध रूप से मादक पदार्थ ला रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बहेरा-डोभी मार्ग पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध सफेद रंग के कंटेनर युक्त डाक पार्सल पिकअप वाहन को रोका जिस पर ब्लू डार्ट डीएचएल लिखा हुआ था। वाहन की जांच के दौरान दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने इसे कूरियर का सामान बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि वाहन में छिपाकर गांजा ले जाया जा रहा था। इसके बाद दंडाधिकारी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी ली गई जिसमें प्लास्टिक के बंडलों में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। जब्त सामग्री में एक डाक पार्सल पिकअप वैन, 108 पैकेट गांजा (कुल 394 किलोग्राम) और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन शामिल है। पुलिस ने मौके पर ही गांजे का वजन कराया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान वैशाली जिले के फतेहपुर राघोपुर थाना क्षेत्र निवासी गणेश कुमार और पहाड़पुर जुरावनपुर निवासी मोनू कुमार के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है और गांजा चतरा से जहानाबाद ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक उमेश चंद्र राय, थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार, पुलिस पदाधिकारी भरत राय सहित कई पुलिसकर्मी और सैप बल के जवान शामिल थे। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई जारी है।



# हर्षोल्लास के साथ अता की गई ईद की नमाज, गले मिल दी मुबारकबाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद का पर्व आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार की रात हुई बारिश से लोगों में आशंका थी कि कहीं नमाज में व्यवधान न हो, लेकिन सुबह मौसम साफ रहने से लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह होते ही बड़ी संख्या में अकीदतमंद मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचे जहां शांतिपूर्ण वातावरण में ईद की नमाज अता की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रेम, सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ों ने बच्चों को ईदी दी जिससे उनकी खुशियां दोगुनी हो गईं। घरों में सेवइयां और विभिन्न प्रकार के मीठे पकवान बनाए गए जिनका लोगों ने परिवारजनों, रिश्तेदारों और परिचितों के साथ आनंद लिया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में दिन भर उल्लास का माहौल बना रहा। मौके पर आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी उपाध्यक्ष जमीलु रहमान, राजद नेता मो. आकिब आलम, राजद नेता द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी, द अलूपी विद्यापीठ के निदेशक पी.सी. यादव, राजद नेता सुजीत यादव, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु, पैक्स अध्यक्ष मो. असरफ अंसारी, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, पुण्यदेव यादव, सुभाष चंद्र कुमार, तपेश्वर यादव, मो. जाहिद, मो. अरशद, मो. जिशान, परवेज, मुजम्मिल, सेराज, मनु, अहसान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## समृद्धि यात्रा में 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के मायापुर, टनकुप्पा में आयोजित समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के आगमन पर 'सात निश्चय-3' के तहत 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' थीम पर लगाए गए स्टॉल ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और योजनाओं को विस्तार से प्रदर्शित किया गया।

स्टॉल पर स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, छात्रवृत्ति योजनाएं तथा कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना है। मुख्यमंत्री ने स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम उठाया।

## भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने ईद पर दी शुभकामनाएं, भाईचारे का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने ईद-उल-फितर के अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के सभी भाई-बहनों को दिल से ईद मुबारक देते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का पूरा महीना आत्मसंयम, त्याग, सेवा और अल्लाह की इबादत का प्रतीक होता है। इस पवित्र माह में रोजा रखकर लोग अपने भीतर की बुराइयों को दूर करने और अच्छाइयों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। एक महीने की इबादत के बाद ईद का त्योहार खुशियों, प्रेम और भाईचारे का संदेश लेकर आता है।



डॉ. मिश्रा ने कहा कि ईद केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और प्रेम तथा सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि यहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं और एकता का परिचय देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईद हमें दया, करुणा और इंसानियत का पाठ पढ़ाती है, इसलिए इस दिन जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता और संतोष ठाकुर ने भी लोगों से अपील की कि वे ईद के इस पावन मौके पर एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां साझा करें और देश में प्रेम, एकता एवं सौहार्द को और मजबूत बनाएं। उन्होंने कामना की कि ईद का त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

# पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव संपन्न, नाटक पारो का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चर्चित नाट्य संस्था प्रस्तुति पटना द्वारा कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार व संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव प्रस्तुति-उत्सव 2026 - अकेली औरत का नाट्य का समापन समारोह संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव पूर्ण रूप से महिला रंगकर्म व महिला सशक्तिकरण को समर्पित है। प्रस्तुति उत्सव 2026 का समापन हिंदी नाटक पारो के साथ हुआ। नाटक में बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में देश के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त कुरीतियों का चित्रण किया गया। बाल-विवाह, बहू-विवाह और बेमेल विवाह जैसी कुरीतियों ने पूरे समाज को जकड़ रखा था। मुख्य चरित्र पारो इसी कुरीति का शिकार हो जाती है। पिता की मृत्यु के बाद निर्धन ब्राह्मण परिवार की तेरह साल की पारो का विवाह पैंतालिस साल के संपन्न ब्राह्मण चुल्हाई चौधरी के साथ कर दिया जाता है। पारो प्रसव पीड़ा सह नहीं पाती है और अंततः उसकी मृत्यु हो जाती है। पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता पूर्व भारत का मिथिला क्षेत्र है। मेजबान संस्था प्रस्तुति द्वारा प्रस्तुत यह नाटक नागार्जुन कृत उपन्यास पारो पर आधारित था जिसका नाट्य रूपांतरण विवेक कुमार द्वारा किया गया। शारदा सिंह द्वारा निर्देशित इस नाटक को वरिष्ठ रंग-निर्देशक संजय उपाध्याय द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। मुख्य चरित्र पारो के रूप में रूबी खातून व बिरजू के रूप में अभिषेक आनंद का अभिनय प्रभावी रहा। अन्य कलाकारों में विवेक कुमार, विनीता सिंह, साधना, स्पर्श मिश्रा, कृष्णा आदि भी प्रभावी रहे। प्रकाश परिकल्पना विनय कुमार की थी और संगीत संयोजन रोहित चंदा द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन भी संपन्न हुआ और प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। पांच दिवसीय रंग-संवाद का अंतिम सत्र भी संपन्न हुआ जिसका संचालन वरिष्ठ रंग समीक्षक संगम पाण्डेय द्वारा किया गया। बाह्य परिसर में आयोजित देसिल बयना के अंतर्गत लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला रमेश प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक देवेन्द्र राज अंकुर को सम्मानित किया गया। सचिव शारदा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी दर्शकों व सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया व विश्वास जताया कि महिला रंगकर्म इस महोत्सव के माध्यम से और भी सशक्त होता रहेगा।

## सरपंच दामोदर शर्मा के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत भोरी ग्राम कचहरी के लगातार रहे सरपंच दामोदर शर्मा के आकस्मिक निधन पर टिकारी सरपंच संघ के लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मालूम हो कि स्व. दामोदर शर्मा लगातार 2006 से अब तक सरपंच पद पर निर्वाचित रहे हैं। इसके पूर्व 22वर्षों का कालखंड में भी सरपंच रहे थे। शोक व्यक्त करने वालों में सरपंच रामाशीष प्रजापति, शिवबल्लभ मिश्र, इंद्रदेव यादव, अलख निरंजन कुमार, विनोद शर्मा, रामनिवास ठाकुर, रवीन्द्र सिंह, सुनील शर्मा, रामस्वरूप यादव, संजय दास, राजकुमार पासवान, पारस साव, रामदास सिंह आदि शामिल है।

## गांधी मैदान में हजारों अकीदतमंदों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर गयाजी के गांधी मैदान में हजारों अकीदतमंदों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ मैदान में जुटने लगी और पूरा वातावरण अल्लाह की इबादत में सराबोर हो गया। नमाज के दौरान इमाम साहब ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शहर के विभिन्न इलाकों से आए लोगों ने इस पर्व को आपसी सौहार्द और एकता के साथ मनाया। ईद के इस मौके पर गयाजी में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

## गया जंक्शन के रेल ट्रैक पर ट्रेन ट्रायल सफल, पटरी पर लौटी ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के पुनर्निर्माण के साथ ट्रैक और ट्रैक्शन सिस्टम को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया गया है। रविवार की सुबह से सभी ट्रेनों की नियमित सेवा बहाल कर दी जाएगी जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

कंस्ट्रक्शन एजेंसी के जीएम बीके सिंह और प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि विश्व स्तरीय स्टेशन निर्माण के तहत दो और तीन नंबर प्लेटफार्म पर अत्यधिक सुविधा के तहत पुनर्निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है इससे यात्रियों को काफी अच्छी और आरामदायक सुविधा मिलेगी।

पुनर्निर्मित ट्रैक पर रेलवे इंजीनियरों ने टावर वैगन की मदद से ट्रैक्शन तारों का समायोजन किया और 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल रन किया गया जो पूरी तरह सफल रहा। रात 8:30 बजे लोडेड मालगाड़ी चलाकर अंतिम परीक्षण भी किया गया जिससे ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित हुई। निर्माण कार्य के दौरान बदले गए ट्रेनों के रूट अब फिर से बहाल किए जा रहे हैं। हटिया-कोशी पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, पटना-भभुआ इंटरसिटी और बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें अपने पुराने मार्ग पर लौटेंगी।

### मॉरीशस में क्यों चर्चा में है बिहार? जानिए इस खास दौरे के बड़े मायने

# पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर

## सचिव ने मॉरीशस के प्रतिनिधियों को 'बिहार दिवस' पर बिहार आने का दिया न्योता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर बिहार दिवस के अवसर पर राजकीय अतिथि के तौर पर मॉरीशस दौरे पर हैं। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मॉरीशस के राष्ट्रपति, कला एवं संस्कृति मंत्री, पर्यटन मंत्री तथा कृषि मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस भ्रमण के दौरान कला एवं संस्कृति मंत्री से उन्होंने विशेष रूप से प्राचीन पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने और उनके संरक्षण को बढ़ावा देने पर बात की। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं, इसलिए उनके संरक्षण, डिजिटाइजेशन और प्रदर्शनी के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। गिरमिटिया आदि इन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए एक संग्रहालय बनाया जाए। इस मुलाकात के दौरान सचिव प्रणव कुमार ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने मॉरीशस के प्रतिनिधियों और शिष्टमंडल को 'बिहार दिवस' के पावन अवसर पर बिहार आने का निमंत्रण दिया। इसके साथ ही भारत और मॉरीशस के बीच कला एवं संस्कृति के आदान-प्रदान को और मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। खासकर बिहार की प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग को मॉरीशस में बढ़ावा देने और वहां के कलाकारों को इससे जोड़ने पर विस्तार से बात हुई। विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने बताया कि मॉरीशस में कई लोग मिथिला पेंटिंग सीखने और इसमें काम करने के इच्छुक हैं। ऐसे में प्रशिक्षण, कार्यशाला और प्रदर्शनी के माध्यम से दोनों देशों के कलाकारों को एक मंच देने की योजना बनाई जा रही है। प्रणव कुमार ने बताया कि मिथिला पेंटिंग बिहार की पहचान है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। मॉरीशस में इसके लिए काफी रुचि देखी जा रही है। वहां के बच्चे अगर सीखना चाहते हैं तो ऑनलाइन क्लास की सुविधा शुरू की जाए और भविष्य में इसके लिए और भी काम किया जाएगा। इसी क्रम में सचिव प्रणव कुमार और एमडी नंद किशोर ने मॉरीशस के पर्यटन मंत्री और वहां के प्रमुख ट्रांसपोर्टर्स (परिवहन संचालकों) के साथ विशेष बैठक की। चर्चा का मुख्य उद्देश्य बिहार और मॉरीशस के बीच 'पर्सन-टू-पर्सन' संपर्क को सुगम बनाना और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है।



संपादकीय

# अब पूर्वोत्तर में चिंताजनक संकेत

नेशनल इंन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) द्वारा पूर्वोत्तर में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त 6 यूक्रेनी और 1 अमेरिकी नागरिक गिरफ्तारी बेहद चौंकाने और चिंतित करने वाली है। एनआईए ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक को 13 मार्च को जबकि छह यूक्रेनी नागरिकों को दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता से पकड़ा है। अमेरिकी नागरिक मैथ्यू 2011 के लीबिया सिविल वॉर और सीरिया गृह युद्ध में सत्ता के खिलाफ लड़ाई में विदेशी फाइटर के रूप में शामिल था। उसने रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेनी युवाओं को भी ट्रेनिंग दी बताई जाती है। एनआईए ने बताया कि उसने 13 मार्च को 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। मैथ्यू के अलावा यूक्रेन के नागरिक हुर्बा पेट्रो, तारास स्लीव्याक, इवान सुकमानोव्स्की, मारियन स्टेफानकिव, मैक्सिम होनचारुक और विक्टर कामिंस्की को भी गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग भारत खासकर नॉर्थ-ईस्ट में उग्रवाद का समर्थन कर रहे थे। साथ ही म्यांमार के सशस्त्र समूहों तक हथियार पहुंचाने, लड़ाकों को ड्रोन व हथियार चलाने की ट्रेनिंग दे रहे थे। इसके लिए यूरोप से मंगाए ड्रोन का इस्तेमाल करने की तैयारी थी। इन पर आतंकवादी साजिश (धारा 18) और बीएनएस तहत केस दर्ज किया है। इस बीच यूक्रेन ने भारत को विरोध पत्र भेजकर अपने नागरिकों की रिहाई की मांग की है। गौरतलब है कि अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैनडाइक अमेरिका के मैरीलैंड के बाल्टीमोर का रहने वाला है। वह एक भाड़े का सिपाही, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर, सुरक्षा विश्लेषक और 'सन्स ऑफ लिबर्टी इंटरनेशनल (सोली)' नाम की संस्था का संस्थापक है। मैथ्यू ने वॉर कॉरस्पोंडेंट और बिजनेसमैन के तौर पर भी काम किया है। वह पहली बार 2011 में लीबिया के गृह युद्ध के दौरान चर्चा में आया, जब वहां मुअम्मर गद्दाफी के शासन के खिलाफ विद्रोही बलों में शामिल हुआ। इसके बाद उसने इराक में आईसिस के खिलाफ लड़ाई लड़ी, सीरिया में बगावत में मदद की और 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन में लोगों को ट्रेनिंग दी। एनआईए का आरोप है कि वैन डाइक म्यांमार से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल थे, जो भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती थीं। हालांकि, इस केस में पूरी जानकारी अभी जांच के दायरे में है और एजेंसी आगे पड़ताल कर रही है। सभी आरोपियों को एनआईए विशेष अदालत ने सातों आरोपियों को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। रिमांड मांगते समय, एनआईए ने आरोप लगाया कि आरोपीच-47 राइफलें रखने वाले अज्ञात आतंकवादियों के सीधे संपर्क में थे और उनकी आतंकवादी/अवैध गतिविधियों में मदद कर रहे थे। एनआईए के मुताबिक जातीय सशस्त्र समूहों से जुड़े ये आरोपी, कुछ प्रतिबंधित भारतीय उग्रवादी समूहों को हथियार और आतंकवादी साजो-सामान की आपूर्ति करके तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनका समर्थन कर रहे हैं। हालांकि यूक्रेन सरकार का कहना है कि उसके नागरिकों की गिरफ्तारी की उसके भारत स्थित दूतावास को जानकारी नहीं दी गई, जो अंतरराष्ट्रीय प्रथा के खिलाफ है। यूक्रेन सरकार का यह भी कहना है कि अभी तक ऐसा कोई पक्का सबूत सामने नहीं आया है जिससे साबित हो कि ये लोग भारत या म्यांमार में गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल थे। यूक्रेन का विरोध अपनी जगह है, लेकिन अगर उसके नागरिक अगर भारत में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त हैं तो यह बेहद गंभीर बात है। पूर्वोत्तर में कुछ विदेशी तत्वों द्वारा अलग ईसाई राज्य बनाने की कोशिशों का खुलासा दो साल पहले बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने भी किया था। भारत के असम, त्रिपुरा और सिक्किम को छोड़कर बाकी राज्य ईसाई बहुल हैं। उन्हें भारत से अलग करने की यह खतरनाक अंतरराष्ट्रीय साजिश हो सकती है और इसके लिए म्यानमार का उपयोग किया जा रहा हो सकता है। भारत सरकार को ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटना चाहिए।

## बिहार दिवस (22 मार्च) पर विशेष

# बिहार के सर्वांगिक विकास में महिलाओं का योगदान



डॉ रुणा आनंद

बिहार राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष 22 मार्च को 'बिहार दिवस' मनाया जाता है। ऐतिहासिक रूप से, इसी दिन वर्ष 1912 में ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल न से अलग होकर बिहार और उड़ीसा एक स्वतंत्र प्रांत बने थे, और 26 जनवरी 1950 को बिहार पूर्ण राज्य के रूप में स्थापित हुआ। लेकिन बिहार का इतिहास सिर्फ 114 साल पुराना नहीं है, इसका गौरवशाली अतीत भारत के सम्पूर्ण प्राचीन इतिहास को अपने में समेटे हुए है ढ्ढ किसी भी राज्य का विकास आर्थिक, सामाजिक, और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों में निरंतर प्रगति के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो निवासियों के जीवन स्तर को सुधारता है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोकतांत्रिक शासन क्षमता को मजबूत करने की एक निरंतर प्रक्रिया है। इसमें नियोजित विकास, तकनीकी सुधार और समावेशी नीतियां शामिल हैं। विकास एक द्विआयामी प्रक्रिया है जिसमें राज्य की तरफ से नागरिकों के लिए वो सारी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं जिससे वो अपना सर्वांगिक विकास कर सकें, दूसरी और नागरिकों द्वारा राज्य के विकास को बढ़ाने के लिए योगदान दिया जाता है ये उर्ध्वाकार और क्षैतिज दोनों होती हैं ढ्ढ बिहार के सर्वांगिक विकास में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान युग तक महिलाओं ने जो योगदान दिया है, वह न केवल संख्यात्मक सुधारों में बल्कि सामाजिक चेतना के व्यापक परिवर्तन में भी परिलक्षित होता है। प्राचीन बिहार का इतिहास विदुषी और प्रभावशाली महिलाओं की महान कथाओं से सुसज्जित है, जिन्होंने ज्ञान, अध्यात्म और कला के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है, जैसे मिथिला की गार्गी वेदों और उपनिषदों की ऐसी प्रकांड ज्ञाता थीं, जिन्होंने राजा जनक की सभा में महर्षि याज्ञवल्क्य जैसे विद्वानों को गंभीर दार्शनिक शास्त्रार्थ में चुनौती दी थी। उन्हीं की समकालीन मैत्रेयी एक महान ब्रह्मवादिनी थीं, राजा जनक की पुत्री जानकी आज भी भारतीय संस्कृति में शील और मर्यादा का सर्वोच्च प्रतीक मानी जाती हैं। आठवीं शताब्दी की महान विदुषी उभय भारती मीमांसा विद्वान मंडन मिश्र की पत्नी थी ढ्ढ उन्होंने आदि शंकराचार्य और अपने पति के बीच हुए ऐतिहासिक शास्त्रार्थ में एक निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका निभाई तथा शंकराचार्य को शास्त्रार्थ में पराजित भी किया। उभय भारती का व्यक्तित्व प्राचीन भारत में नारी शिक्षा, दार्शनिक अधिकार और बौद्धिक नेतृत्व का एक जीवंत प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बिहार की महिलाओं ने अदम्य साहस का परिचय दिया। बिहार के सर्वांगीण विकास की नींव उन महिलाओं ने रखी जिन्होंने पितृसत्तात्मक समाज की बेड़ियों और औपनिवेशिक दासता के विरुद्ध एक साथ संघर्ष किया। राजबंशी देवी, सरला देवी, राधिका देवी, प्रभावती देवी, श्रीमती जुबैर, सरस्वती देवी, तारा रानी श्रीवास्तव आदि इसका एक जीवंत प्रतीक हैं, महिलाओं की भागीदारी ने बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन को एक व्यापक जन-आधार प्रदान किया, जिसने भविष्य के स्वतंत्र बिहार में महिलाओं की सक्रिय भूमिका का मार्ग प्रशस्त किया। स्वतंत्र बिहार में सरकार की तरफ से बिहार सरकार ने विधायी आरक्षण, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुधारों के माध्यम से महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियाँ बनाई। वर्ष 2006 और 2007 से स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण लागू किया गया। प्राथमिक शिक्षक नियुक्तियों में 50त्न और बिहार पुलिस सहित सभी सरकारी सेवाओं में 35त्न आरक्षण का प्रावधान है। परिणामतः बिहार 30,000 से अधिक महिला पुलिसकर्मियों के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और खेल विश्वविद्यालयों के नामांकन में 33त्न आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। बच्चियों के लिए जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत चरणबद्ध वित्तीय सहायता का प्रावधान। छात्राओं को स्कूल से जोड़ने के लिए कक्षा 9 में साइकिल हेतु 3,000 रुपये और कक्षा 1 से 12 तक पोशाक राशि प्रदान की जाती है। छात्राओं को प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आगे की तैयारी के लिए क्क्षस्ट के लिए 1 लाख रुपये और क्क्षस्ट के लिए 50,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगभग 12 लाख स्वयं सहायता समूहों (जीविका) के माध्यम से 1.80 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है। नया उद्योग शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये तक की सहायता (जिसमें 5 लाख अनुदान और 5 लाख ब्याज मुक्त ऋ्रण) का प्रावधान है। महिला रोजगार योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को शुरुआती पूंजी के रूप में सहायता राशि दी गई है। बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ व्यापक समाज सुधार अभियान चलाए जा रहे हैं। महिलाओं के विशेष अनुरोध पर वर्ष 2016 से राज्य में शराबबंदी लागू की गई, जिससे पारिवारिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक सुधार आया है। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग महिलाओं के लिए 1,100 रुपये मासिक पेंशन तथा गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह हेतु आर्थिक मदद। सरकार की नीतियाँ साधन मात्र हैं, साध्य नहीं, अंतिम लक्ष्य बिहार का सर्वांगिक विकास है और उसकी प्राप्ति के लिए नारी शक्ति ने हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है ढ्ढ

राजनीतिक योगदान - वर्ष 1977 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में सुमित्रा देवी बिहार की पहली महिला रहीं। पिछड़े समाज से आने वाली सुमित्रा देवी ने अपने समय में समाज की रूढ़ियों को तोड़ा और शहरी विकास मंत्री के रूप में इनका योगदान अप्रतिम रहा। दूसरी ओर मीरा कुमार बिहार से देश की पहली महिला लोकसभा स्पीकर बनी ढ्ढ राज्य में राबड़ी देवी का पहली महिला मुख्यमंत्री, रेणु देवी का उपमुख्यमंत्री बनना महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के लिहाज से अहम कदम था ढ्ढ देश की आजादी के बाद 1952 में हुए पहले बिहार विधानसभा चुनाव से महिलाओं ने राजनीतिक सफर की शुरुआत की. उस चुनाव में 46 महिला उम्मीदवारों में 25 महिलाएँ जीतकर विधानसभा तक पहुँच गईं. 1957 में 30, 1962 में 25 और 1967 में 6 महिलाये विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की. 1990 के दशक में 10-11 महिलाएं ही पहुंच पाई. 2000 से 2010 तक काफी उतार-चढ़ाव के बाद 2015 में 28 महिलाओं ने सफलता पाई और 2020 में 26 महिलाएं विधानसभा तक पहुंच सकीं. 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कुल 29 महिलाएं जीतकर विधायक बनी हैं। बिहार के निर्वाचन इतिहास में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी उनके राजनीतिक सशक्तिकरण को दर्शाता है। 1990 के दशक तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में काफी कम था, लेकिन 2010 से ही विधानसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान पुरुषों से अधिक रहा है, 2025 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं का 71.6त्न मतदान न केवल राज्य के इतिहास में सर्वाधिक है, बल्कि यह पुरुषों की तुलना में लगभग 9त्न अधिक है । यह दिखाता है कि बिहार की महिलाएं अब केवल एक मतदाता समूह नहीं हैं, बल्कि वे राज्य के राजनीतिक घोषणाओं और नीति निर्माण की दिशा तय कर रही हैं । विशेषज्ञों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण के बाद महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा है ढ्ढ विधानसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने बिहार की पुरुष प्रधान राजनीति को गहरी चुनौती दी है. यह सिर्फ प्रतिनिधित्व की बढ़ती संख्या नहीं, बल्कि महिलाओं की उभरती राजनीतिक चेतना का संकेत है. बिहार में राजनीतिक संस्कृति को सुदृढ़ करने में मुख्य योगदान पंचायत स्तर पर महिलाओं के लिए आरक्षण का है, जिसने महिलाओं को चहारदीवारी से बाहर निकाला और राजनीतिक भागीदारी को सबल किया ढ्ढ इसने लैंगिक भागीदारी और समानता के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया है, वे 'मुखिया पति' की छाया से बहार निकल कर अब स्वयं ही विकास के कार्यों में योगदान दे रही हैं ढ्ढ वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था से यहाँ भी बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी ढ्ढ महिला प्रधान पंचायतों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और प्राथमिक शिक्षा जैसे सामाजिक संकेतकों पर बेहतर प्रदर्शन किया है, साथ ही जीविका से जुड़ कर आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ाया है ढ्ढ अब 'स्मार्ट ग्राम पंचायत' के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण की दिशा में कार्य शुरू किया गया है बेगूसराय अभी 'पीएम-वाणी योजना' के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवाओं से युक्त करने वाला बिहार का पहला जिला बन गया है। यह प्रयत्न भी महिलाओं को डिजिटल साक्षर बनाएगा जिससे वे वर्तमान समय की चुनौतियों को समझ कर अपना पूर्ण योगदान दे सकेंगी ढ्ढ बिहार में डिजिटल जागरूकता लाने के लिए तथा का शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच इस अंतर को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार 'डिजिटल बिहार' और 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' जैसी प्रभावी पहल कर रही है। इसमें जीविका समूहों का डिजिटल भुगतान से जुड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है। आर्थिक योगदान- विशेषज्ञों के अनुसार बिहार की अर्थव्यवस्था में पिछले दो दशकों में तेजी से वृद्धि हुई है। 2000 के दशक में औसत वार्षिक वृद्धि दर 7त्न रही, वहीं साल 2019-2020 तक बिहार ने 7.5त्न की औसत वार्षिक वृद्धि दर को हासिल किया। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, बिहार की महिला श्रम भागीदारी दर में असाधारण वृद्धि हुई है। 2017-18 में जहाँ यह दर मात्र 4.1त्न थी, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 30.5त्न हो गई है । विशेष रूप से, बिहार की 83त्न कामकाजी महिलाएं स्वरोजगार में संलग्न हैं, जो राज्य में पनप रही सूक्ष्म-उद्यमिता को दर्शाता है ढ्ढ बिहार की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान अब कृषि और असंगठित क्षेत्रों से आगे बढ़कर उद्यमिता और संगठित कार्यबल की ओर बढ़ रहा है। इसमें 'जीविका' (बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना) का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। जीविका ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता से जोड़ा है । बिहार के आर्थिक विकास में ग्रामीण महिलाओं ने लघु उद्यमों, मत्स्य पालन, मसाला फैक्ट्री, सौंदर्य प्रसाधन की दुकान, किराना दुकान, पशुपालन व्यवसाय, फूलों का कारोबार, टेलरिंग बिज़नेस, गाय पालन, डिटर्जेंट बनाने का कारोबार, मछली की दुकान और बैंकिंग संवाददाताओं आदि के माध्यम से अहम भूमिका निभाई है। महिलाओं ने स्वरोजगार से आत्मनिर्भरता और स्थानीय रोजगार पैदा कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में बिहार में 10.47 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग 1.3 करोड़ ग्रामीण परिवार जुड़े हुए हैं । इन समूहों ने न केवल ग्रामीण ऋ्रण प्रणाली से साहूकारों के वर्चस्व को कम किया है, बल्कि महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का सपना भी साकार किया है। राज्य में लगभग 13.47 लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक हो गई है । जीविका के माध्यम से महिलाओं ने %दीदी की रसोई%, %बैंक सखी% और सरकारी खरीद केंद्रों जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। स्वयं-सहायता समूहों के चयनित सदस्यों को 'पोषण सखी' के रूप में काम करने का प्रशिक्षण दिया गया. उन्हें स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण और एम्स, पटना जैसे शीर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थानों (देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान) के सहयोग से स्वास्थ्य और पोषण में कठिन प्रशिक्षण दिया गया ढ्ढ जो 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, प्रजनन आयु की महिलाओं, ख़ासकर गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली महिलाओं तक पहुंचने पर विशेष जोर दिया गया ढ्ढ बिहार के उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने 'जीविका दीदी' पहल की सराहना की और इसे नारी सशक्तिकरण की एक मौन क्रांति बताया ढ्ढ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महिलायों से संबंधित नीतियों पर विश्वास जताया कि इस योजना के कार्यान्वयन से न केवल महिलाओं की स्थिति और मजबूत होगी, बल्कि राज्य के भीतर बेहतर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि लोगों को रोजगार की आवश्यकता के कारण राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

समाज एवं संस्कृति- बिहार राज्य कला और शिल्प में समृद्ध है, जिसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि यहाँ भारत की कुछ प्राचीन चित्रकलाएँ पाई जाती हैं, जिनमें प्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग, काष्ठ कला, पपेरमेसी, मंजूषा कला, मेटल क्राफ्ट, टिकुली कला, सिक्की कला, सुजनी कला, टेरा कोटा कला, एप्लिक, वेणु शिल्प, कोहबर शिल्प आदि ढ्ढ बिहार के ये प्राचीन हस्तशिल्प, चित्रकारी आदि यहाँ के सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनको विरासत के रूप में महिलाओं ने न सिर्फ संभाला और संजोया है बल्कि आज ये लघु उद्योग के रूप में विकसित हो रहे हैं ढ्ढ बिहार के आर्थिक विकास में इनकी अपनी अलग पहचान है ढ्ढ बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी (मिथिला) पेंटिंग में कई महिला कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट योगदान से वैश्विक पहचान बनाई है जिनमें प्रमुख हैं दुलारी देवी, बउआ देवी, सीता देवी, गंगा देवी, महासुंदरी देवी, गोदावरी दत्त और जगदंबा देवी अधिकतर कलाकार पद्मश्री विजेता हैं ढ्ढ बिहार की सुजनी कला को पुनर्जीवित करने का श्रेय मुजफ्फरपुर की 76 वर्षीय निर्मला देवी को जाता है, जिन्हें 2025 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। यह कला 15 से अधिक गांवों की 1000 से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, इसे त्र्ढ्ढ टैग भी प्राप्त है। बिहार की प्रसिद्ध महिला पेपरमेसी कलाकार सुभद्रा देवी हैं, जिन्हें 2023 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया साथ ही ललिता देवी पिछले 47 वर्षों से इस कला को संजोने का कार्य कर रही हैं ढ्ढ मंजूषा कला को निर्मला देवी, अंजना देवी और सुधीरा देवी जैसी महिला कलाकार आगे बढ़ा रही हैं। यह कला महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख साधन बन गई है, जिससे स्थानीय कारीगरों की आय में वृद्धि हुई है। बिहार की प्रसिद्ध सिक्की कला को ह्वश्वस्ञ्ज्ह्र का 'सील ऑफ एक्सीलेंस' प्राप्त और नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित मीरा ठाकुर इसकी प्रमुख कलाकारों में से एक हैं साथ ही मुन्नी देवी, सुधीरा देवी आदि का योगदान भी सराहनीय है ढ्ढ बिहार में टेराकोटा (मिट्टी) कला की प्रसिद्ध महिला शिल्पकारों में स्व. सरला बाला देवी प्रमुख हैं, जिन्हें 1982 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, इसके अलावा, नीतू जैसी आधुनिक कलाकार भी हैं ।

**( लेखिका पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय , पटना के तहत बीडी कॉलेज में सहायक प्राध्यापिका हैं )**

# सिनेमा देखने का बदलता अनुभव

**सिनेमा का इतिहास केवल तकनीक के हुए बदलावों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह दर्शक, बाज़ार और रचनात्मकता के बदलते संबंधों का भी इतिहास है। कभी सिनेमा केवल सिनेमाघरों की अंधेरी दुनिया में जीवित था, जहाँ दर्शक सामूहिक अनुभव के रूप में फिल्म देखते थे। फिर टेलीविजन आया, उसके बाद वीडियो कैसेट, डीवीडी और फिर केबल नेटवर्क ने सिनेमा को घर तक पहुँचा दिया। इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के आगमन ने फिल्म देखने की संस्कृति को एक बार फिर बदल दिया। आज दर्शक मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप पर जब चाहें तब फिल्में देख सकते हैं। लेकिन तकनीकी परिवर्तन की यह यात्रा यहीं नहीं रुकती। अब ब्लॉकचेन, एनएफटी और एल्गोरिदम आधारित स्ट्रीमिंग सिस्टम मिलकर सिनेमा के भविष्य को एक नए मोड़ पर ले जा रहे हैं। यह बदलाव केवल फिल्म बनाने या बेचने के तरीके तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात को भी बदल रहा है कि हम फिल्में कैसे खोजते हैं, कैसे देखते हैं और उनसे हमारा रिश्ता कैसा बनता है।**

मनीष जैसल

पहले दर्शक सिनेमाघर में जाकर वही फिल्म देखते थे जो उस समय चल रही होती थी। अब स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म दर्शकों की पसंद और व्यवहार का विश्लेषण करके उन्हें कंटेंट सुझाते हैं। सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म एल्गोरिदम का उपयोग करके यह तय करते हैं कि दर्शक की स्क्रीन पर कौन-सी फिल्म या सीरीज़ दिखाई जाएगी। एल्गोरिदम दर्शक के देखने के इतिहास, पसंदीदा शैली, देखने की अवधि और समय का विश्लेषण करता है। इसके बाद उसी आधार पर नई फिल्मों और सीरीज़ की सूची तैयार होती है। इस प्रक्रिया को कई मीडिया शोधकर्ता 'एल्गोरिदमिक सिनेमा अनुभव' कहते हैं। एल्गोरिदम आधारित सजेशन ने फिल्म निर्माण को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। स्ट्रीमिंग कंपनियाँ दर्शकों के डेटा का विश्लेषण करके यह समझने की कोशिश करती हैं कि किस तरह का कंटेंट अधिक लोकप्रिय हो सकता है। उदाहरण के तौर पर नेटफ्लिक्स की प्रसिद्ध श्रृंखला हाउस ऑफ कार्ड्स 2013 को विकसित करते समय दर्शकों के देखने के पैटर्न और रुचियों का अध्ययन किया गया था। इसी तरह ब्लैक मिरर जैसी इंटरैक्टिव फिल्में डिजिटल प्लेटफॉर्म की नई संभावनाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं।

स्ट्रीमिंग उद्योग के आर्थिक आँकड़े भी इस परिवर्तन को स्पष्ट करते हैं। विभिन्न उद्योग रिपोर्टों के अनुसार वैश्विक वीडियो स्ट्रीमिंग बाजार का आकार 2025 के आसपास लगभग 150 से 160 अरब डॉलर के बीच आँका गया है और अनुमान है कि 2030 तक यह 400 अरब डॉलर से अधिक तक पहुँच सकता है। दुनिया भर में स्ट्रीमिंग सेवाओं के लगभग 1.8 अरब से अधिक सब्सक्राइबर हैं। इसका अर्थ यह है कि सिनेमा का बड़ा हिस्सा अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखा जा रहा है। इससे फिल्म वितरण की पारंपरिक व्यवस्था, जो सिनेमाघरों और टीवी प्रसारण पर आधारित थी, तेजी से बदल रही है।

यहीं से ब्लॉकचेन और एनएफटीज की चर्चा शुरू होती है। जहाँ एल्गोरिदम यह तय करने में भूमिका निभाते हैं कि दर्शक क्या देखेंगे, वहीं ब्लॉकचेन यह बदल सकता है कि फिल्म का मालिक कौन होगा और उससे कमाई कैसे होगी। पारंपरिक फिल्म उद्योग में अधिकारों और कमाई की प्रक्रिया जटिल होती है। निर्माता, वितरक, सिनेमाघर मालिक, संगीत कंपनियाँ और डिजिटल प्लेटफॉर्म मिलकर इस व्यवस्था को संचालित करते हैं। कई बार कलाकारों और तकनीशियनों को भुगतान में देरी होती है या राजस्व का सही हिसाब स्पष्ट नहीं होता। ब्लॉकचेन तकनीक इस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने का दावा करती है क्योंकि इसमें हर लेन-देन का रिकॉर्ड सुरक्षित और स्थायी रूप से दर्ज किया जा सकता है।

ब्लॉकचेन का एक महत्वपूर्ण उपयोग फिल्म अधिकारों के प्रबंधन में देखा जा रहा है। किसी फिल्म की स्क्रिप्ट, संगीत, दृश्य या वितरण अधिकार को डिजिटल रूप से दर्ज करके यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि उसका स्वामित्व किसके पास है। एक बार जब यह रिकॉर्ड ब्लॉकचेन पर दर्ज हो जाता है, तो उसे बदलना या मिटाना लगभग असंभव हो जाता है। इससे कॉपीराइट विवाद और पायरेसी से लड़ने में मदद मिल सकती है। एनएफटीज इस व्यवस्था को और रोचक बनाते हैं क्योंकि वे फिल्मों और उनसे जुड़े कंटेंट को डिजिटल संपत्ति में बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए किसी फिल्म का पोस्टर, डिजिटल कला, दृश्य या संगीत एनएफटीएस के रूप में जारी किया जा सकता है। जो व्यक्ति इसे खरीदता है वह उस डिजिटल सामग्री का प्रमाणित स्वामी बन जाता है। इससे सिनेमा देखने का अनुभव भी बदल सकता है। भविष्य में संभव है कि कोई दर्शक केवल फिल्म देखने के लिए टिकट न खरीदे, बल्कि फिल्म के किसी हिस्से का डिजिटल स्वामी भी बने। इसे 'फैन निवेश मॉडल' के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें दर्शक फिल्म के निर्माण और सफलता में आर्थिक रूप से भागीदार बन सकते हैं।





दुनिया के कई देशों में इस दिशा में प्रयोग शुरू हो चुके हैं। उदाहरण के लिए हॉलीवुड की फिल्म ज़ीरो कांटैक्ट को ब्लॉकचेन आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरित करने का प्रयोग किया गया था। इसी तरह नो पोस्टेज नेसेसरी को ब्लॉकचेन तकनीक के साथ रिलीज़ किया गया था, जिसमें दर्शकों ने डिजिटल माध्यम से फिल्म तक पहुँच खरीदी। भारत में भी इस दिशा में शुरुआती प्रयोग देखने को मिले हैं। उदाहरण के तौर पर ऋ्रऋ्रऔर 83 से जुड़े डिजिटल कलेक्टिबल्स को ह्नस्नञ्ज के रूप में जारी करने की कोशिश की गई थी। हालाँकि यह अभी प्रारंभिक स्तर पर है, लेकिन इससे यह संकेत मिलता है कि भारतीय फिल्म उद्योग भी डिजिटल स्वामित्व और ब्लॉकचेन तकनीक की संभावनाओं को समझने लगा है।

ब्लॉकचेन तकनीक का एक और महत्वपूर्ण पहलू स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट है। स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट ऐसे डिजिटल अनुबंध होते हैं जो तय शर्तों के अनुसार अपने आप काम करते हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी फिल्म को ऑनलाइन देखा जाता है, तो स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से निर्देशक, अभिनेता, संगीतकार और अन्य सहयोगियों को स्वचालित रूप से उनकी रॉयल्टी मिल सकती है। इससे भुगतान की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज़ हो सकती है।इन तकनीकों का सबसे बड़ा प्रभाव स्वतंत्र फिल्मकारों पर पड़ सकता है। पारंपरिक व्यवस्था में फिल्म बनाने के लिए बड़े स्टूडियो या निवेशकों पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन यदि ब्लॉकचेन आधारित फंडिंग मॉडल विकसित होता है तो फिल्मकार सीधे दर्शकों से पैसा जुटा सकते हैं। इससे छोटे और प्रयोगात्मक सिनेमा को भी अवसर मिल सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार 2024 में वैश्विक ब्लॉकचेन बाजार का आकार लगभग 24 अरब डॉलर के आसपास था और अनुमान है कि यह 2030 तक बढ़कर 300 अरब डॉलर से अधिक तक पहुँच सकता है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग में ब्लॉकचेन के उपयोग का क्षेत्र भी तेजी से विस्तार कर रहा है, क्योंकि यह फिल्म अधिकार प्रबंधन, डिजिटल वितरण और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था को संभव बनाता है।

## आज का कार्टून





## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में मेहनत रंग लाएगी, लेकिन किसी सहयोगी की कोई बात आपको थोड़ी खटक सकती है। सरकारी काम आज उसके पूरे होने के संकेत मिल रहे हैं।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी भी काम में जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेंगे, जिससे आपको सही परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन**

आज आपको किसी भी काम में लापरवाही से बचना होगा। यदि पिताजी से किसी बात को लेकर मतभेद था, तो वह बातचीत के जरिए सुलझ सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए खुशियों और मौज-मस्ती से भरा रहेगा। आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे, जिससे मन की उलझनें भी दूर होंगी।

**सिंह**

लोगों से काम निकालने के लिए आपको थोड़ा नरम व्यवहार अपनाना होगा, क्योंकि आपका तेज स्वभाव कुछ लोगों को असहज कर सकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी से हल्की-फुल्की नोक झोंक हो सकती है।

**तुला**

आज का दिन आपको दिखावे और अनावश्यक खर्चों से दूर रहने की सलाह देता है। कोई सरकारी मामला आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है।

**वृश्चिक**

महत्वपूर्ण काम फाइनल होने की संभावना है, जिससे आप खुशी में किसी छोटी पार्टी का आयोजन भी कर सकते हैं। पार्टनरशिप आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**धनु**

आज का दिन व्यापार और आय में वृद्धि लेकर आएगा। आपकी आमदनी पहले से बेहतर होगी और आप नए स्रोतों से कमाई के अवसर तलाशेंगे। सरकारी काम पूरे होने के संकेत मिल सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। हालांकि जीवनसाथी के साथ तालमेल की कमी के कारण छोटी-छोटी बातों पर बहस हो सकती है।

**कुंभ**

दूसरों के मामलों में बेवजह दखल देने से बचें। कार्यस्थल पर बॉस से किसी बात को लेकर हल्की तकरार हो सकती है, इसलिए संयम से काम लें।

**मीन**

आज आपको अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ही खर्च करना चाहिए, क्योंकि बढ़ते खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं। कोई शारीरिक परेशानी भी परेशान कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल फितर की नमाज मुस्लिम भाइयों ने की अदा

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को मनेर प्रखंड अंतर्गत ईदगाहो व मस्जिदों में हजारों मुस्लिम भाइयों ने अकीदत के



साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की। इस दौरान मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही हिन्दू भाइयो ने मुस्लिम भाइयो के यहाँ पहुँचकर ईद पर्व की बधाई देते रहे। इस अवसर पर शाहअली चक ईदगाह, बांक ईदगाह, सराय ईदगाह, मीर अली गोहर बस्ती रोड, यहियापुर मस्जिद, बांक मस्जिद, काजी मोहल्ला मस्जिद, शेरपुर, ब्यापुर, सराय, सिघाड़ा, सादिकपुर, ढकन पोश, जामा मस्जिद चार हजार मोहल्ला, बड़ी व छोटी दरगाह समेत अन्य जगहों पर लोगो ने ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को बधाई दी। वही मनेर खानकाह के गद्दीनशी सैयद शाह तारिक एनयतुल्लाह फिरदोशी ने लोगो को ईद की बधाई दी।

### हल्की बारिश में ही अथमलगोला स्टेशन बाजार सड़क पर जलजमाव

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सबसे बडे. बाजार अथमलगोला स्टेशन बाजार में शुक्रवार व शनीवार को बेमौसम हुई हल्की बारिश के बाद सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया है। इस जलभराव के कारण आवागमन करने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर दो तीन फिट तक पानी जम गई है, जिससे लोगों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।



स्थानीय राहगीरों का कहना है कि यह समस्या हर साल हल्की बारिश के बाद उत्पन्न होती है। राहगीर मनोज कुमार ने बताया कि प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान खोजने में विफल रहा है, जिससे हर वर्ष लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।वहीं राहगीर निरंजन कुमार सिंह ने बताया की अथमलगोला स्टेशन बाजार बहादुरपुर रोड मार्ग दर्जनों टाल इलाके गांवों का मुख्य बाजार मार्ग का रोड है,यहाँ प्रतिदिन महिलाओं,स्कूली बच्चों समेत हजारों लोग अथमलगोला रेलवे स्टेशन से ट्रेन से परिवहन की सुगमता का इस्तेमाल करते हैं वाबजूद इसके यह रोड वर्षो से उपेक्षित है।एक अन्य राहगीर ने बताया की अभी तो कुछ ठीक भी है,बरसात के मौसम में चार माह रोड जल मीनार बना हुआ रहता है,प्रतिदिन गिरकर राहगीरों को चोट लगने की घटना भी सामने आती है। एक अन्य महिला राहगीर ने कहा की बाढ़ (पटना) विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह को इस सड़क मार्ग को बनबाने व समस्या समाधान करने की पहल करनी चाहिए।वहीं मीडिया की टीम ने जब इस जनहित के मुद्दे पर अथमलगोला प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधित्व राजकिशोर सिंह से बात की तो उन्होंने बताया की,यह रोड खराब है जलजमाव होता है यह उनके संज्ञान में है,अवकाश बाद कार्यालय खुलते ही इस मसले को सक्षम प्राधिकार के समक्ष रखा जाएगा। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत हर पंचायत के सवच्छता कर्मी उपलब्ध हैं। इस संबंध में जो भी समस्या है उसे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के सामने हम रखेंगे।आननेवाले कुछ समय निश्चित तौर पर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।बहरहाल जनप्रतिनिधि की उम्मीदों व आश्वासनों के बीच राहगीर फिलहाल रोड के उसी जलजमाव पर किसी तरह आवागमन करने के लिए विवश हैं।

### छठ महापर्व पर भी सफाईकर्मियों को वेतन भुगतान नहीं होने पर असंतोष

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के अंतर्गत छः पंचायतों में कार्यरत सफाईकर्मियों को विगत छह महीने से वेतन लंबित है। यहां तक कि छठ महापर्व के अवसर पर आश में लगे सफाई कर्मी का वेतन भुगतान अब तक न होने से इनमें असंतोष पनप रहा है।इस संदर्भ में दनियावां जिला परिषद के पूर्वी प्रत्याशी कुमारी रेणु निर्मल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित प्रतिवेदन देकर ध्यान आकृष्ट कराया है कि इस गंभीर समस्या को शीघ्र समाधान किया जाय और इसके लिए राशि की व्यवस्था की जाए।

### सिकरिया फार्मेसी कॉलेज में हो रहे राधा कृष्ण कथा का अंतिम दिन

**चक्रवर्ती सम्राट धर्मविभूषण आचार्य डॉ. शम्भुनाथ सिकरिया ने अपनी लिखित गीता दर्पण और गुरु दर्पण दोनों पुस्तक देवी जी को भेंट किये**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परम श्रद्धेय जगत गुरु श्री राम कृपालु जी महाराज प्रेम मंदिर वृन्दावन की छायारूपी शिष्या सुश्री शक्तिश्वरी



देवी की राधा-कृष्ण कथा का आयोजन विराट नगर श्री जी सत्यसंग समिति के द्वारा सीकरीया फामेर्सी कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेन्स हॉल में राधा- कृष्ण कथा का आज अंतिम दिन है। आज देवी जी ने राधा रानी के बिषय में पूर्ण व्याख्या करते हुए उनके साथ कृष्ण और राधा के समुचित प्रसंगो का विस्तृत रूप से चित्रण किया। श्रद्धालु राधे-राधे गोविन्द के भजन कीर्तन पर मग्न होकर झूमने लगे, नाचने लगे और राधामय हो गए। देवी जी ने कहा कि राधा नाम संकीर्तन ही हमारे मोक्ष के मार्ग को इस कलयुग में प्रसस्त करेगा। हमारे घर में खुशियां दिखेगा। इसलिए राधा- रानी के चरणों में उज्वल भविष्य के लिए अपना स्थान बनावे। चक्रवर्ती सम्राट धर्म विभूषण आचार्य डॉ शंभूनाथ सीकारीया ने अपनी लिखित गीता दर्पण और गुरु दर्पण दोनों पुस्तक को देवी जी को प्रेम भेंट की। अंतिम दिन में श्रद्धालुओं की संख्या बहुत ज्यादा थी। इस अवसर पर उपमेयर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, आनंद केडिया, प्रोफेसर चंद्र भूषण पांडे, प्रोफेसर राम निरंजन पांडे, जदयू के दीपक पटेल, श्याम जैन, अनिरुद्ध लोहिया, सोनू अग्रवाल, प्रमोद जैन, शैल जैन, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार, शशि पटेल, अनिल प्रसाद के साथ शहर के बुद्धिजीवी और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित थी।

# ईद को लेकर मसौढ़ी के गांधी मैदान में सामूहिक नमाज





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश भर में ईद उल फितर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मसौढ़ी में ईद पर्व का गजब का उत्साह देखने को मिला, जहाँ गांधी मैदान में सामूहिक नमाज का कार्यक्रम रखा गया था, इसके अलावा पुरानी बाजार मस्जिद ईदगाह में भी नमाज हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में नमाजी शामिल हुए और एकसाथ नमाज पढ़ा, इस कार्यक्रम की बेहद खास बात यह रही कि इमाम ने नमाजियो संकल्प दिलाया कि अपने बूढ़े माता-पिता को इज्जत करें, जिस घर में मां-बाप अगर बच्चों से तकलीफ में है तो वैसे बच्चों की कहीं भी इबादत कबूल नहीं होती हैं। नमाजियों ने हर गुनाहों से तौबा किया।उन्होंने कहा कि ईद के दिन नमाज का बहुत महत्व होता है सभी गुनाहों से माफी मिल जाती है।बहरहाल मसौढी गांधी मैदान में ईद उल फितर के मौके पर नमाज पढ़े जाने की परंपरा रही है।खासतौर पर बच्चों में ईद पर्व को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला,हर चेहरे खिले हुए दिखे, हर तरफ खुशी का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में शामिल लोगों ने नमाज अदाकर अमन चैन की दुआ मांगी।बहरहाल ईद को लेकर पूरे मसौढ़ी में तकरीबन 39 जगहों पर नमाज के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी. ऐसे में पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मौके पर सभी थानों के पुलिस बीडीओ उपस्थित रहे,पुरानी बाजार मस्जिद ईदगाह से लेकर के नेताओ पीपला, दनाडा, पुनपुन तमाम जगहों पर नमाज के लिए खास इंतजाम किए गए थे. लेकिन सबसे खास मसौढी गांधी मैदान में नमाज पढ़ा जा गया, इस मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश देते भी नजर आए जहां पर कई समाजसेवी भी शामिल रहे हैं जिसमें राहुल चंद्रा, डॉ मंगल, सुनील गावस्कर, नवल भारती, पंकज कुमार समेत कई लोग नमाज स्थल पर उपस्थित रहे।

### पालीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर, नमाज के बाद गले मिल दी बधाई

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड क्षेत्र के नगर बाजार सहित सुदुर ग्रामीण इलाकों में सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नए परिधानों में सजे लोग मस्जिदों में पहुंचे, जहां समुदाय के लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। पालीगंज नगर बाजार के विभिन्न मस्जिदों के अलावा सिगोड़ी, चिक्सी, कटका, बहादुरगंज और बनौली स्थित मस्जिदों में नमाज अदा कर कौम की तरक्की,



देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में सौहार्द का वातावरण बना रहा। पर्व के मद्देनजर पालीगंज, सिगोड़ी,चिक्सी, कटका,बहादुरगंज, बनौली सहित सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पालीगंज में नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओ चंदन कुमार ,एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने घूम घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं पालीगंज जमा मस्जिद के पास ए एस आई रोहितेश्वर कुमार,मदरसा सईदया के पास इंस्पेक्टर अनुसंधान तार बाबू, एस आई आदित्य राज ने विशेष पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तैनात थे । पालीगंज जमा मस्जिद में मौलाना मो रिजवान अशरफी, मदरसा सईदिया पालीगंज में मौलाना एहसान साहब ने ईद की नमाज अदा कराते हुए मुल्क में अमन-चैन और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि इस्लाम में दान (जकात-उल-फितर) का विशेष महत्व है, जिसके तहत हर मुसलमान को अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया । वहीं सिगोड़ी निवासी सलामुद्दीन अंसारी ने कहा कि ईद का पर्व सभी के लिए खुशियां लेकर आता है और आपसी प्रेम, भाईचारे व एकता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि इस्लामी मान्यता के अनुसार पैगंबर हजरत मुहम्मद द्वारा बद्र की लड़ाई में विजय की खुशी में लोगों का मुंह मीठा कराया गया था, जिसे ईद-उल-फितर के रूप में मनाने की परंपरा जुड़ी हुई है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया मो. इसहाक, वार्ड पार्षद मो. परवेज, मो.जैनुद्दीन अहमद,मो. अजमल हुसैन, मो. वारिश खां, मो. शाहिद प्रवेज,मो.असगर अली, मो.मकसूद आलम ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## ईद मिलन सामारोह, हिंदू मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के गांधी मैदान मसौढ़ी में ईद मिलन सामारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए. इस कार्यक्रम का उद्घाटन मसौढ़ी पूर्व विधायक रेखा देवी, एवं पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान कई छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतु दी. कार्यक्रम के दौरान लोगों ने हिंदू-मुस्लिम का संदेश देते नजर आए. कई रोजेदारों ने अपने शायराना अंदाज से लोगों को मनमोहक प्रस्तुति भी दी, पूर्व विधायक रेखा देवी ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह हिंदू-मुस्लिम सद्भाव का प्रतीक है, जो मसौढी की धरती की यह रवायत है, जहां पर हिंदू और मुसलमान मिलकर हर पर्व को शांति, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाते हैं. यहां गंगा जमुनी तहजीब की तरह एक नई इबादत लिखी जाती है. यहां पर होली मिलन समारोह भी मुस्लिम समुदाय के लोग करते हैं और ईद मिलन समारोह हिंदू समुदाय के लोग करते हैं। बहरहाल ईद मिलन समारोह के आयोजन में भारी संख्या में हिंदू और मुसलमान भाइयों का जुटान हुआ और एक दूसरे के प्रति लोगों ने आपसी सद्भाव प्रेम सौहार्द के साथ गले मिलकर ईद मिलन का पर्व मनाया।कार्यक्रम अधयक्ष राहुल चन्द्रा,कार्यक्रम उपाध्यक्ष मसुद रजा, सचिव मो. अरफराज साहिल, कार्यक्रम उप सचिव अशोक सिंह, कार्यक्रम महासचिव सिन्दर सिंह बग्गा,कार्यक्रम कोषाध्यक्ष सनोज कुमार (शिक्षक),कार्यक्रम संयुक्त सचिव संजय यादव,कार्यक्रम प्रभारी पलटन सिंह,संयोजक डॉ. एम. के मंगल शामिल रहे।

## मशरूम की वैज्ञानिक खेती पर प्रशिक्षण का समापन

**ढींगरी मशरूम, श्वेत दूधिया मशरूम, धान पुआल मशरूम एवं बटन मशरूम के उत्पादन की जानकारी**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़ पांच दिवसीय मशरूम की वैज्ञानिक खेती पर प्रशिक्षण का आयोजन राजीव कुमार, वि.व.वि (मृदा विज्ञान) द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में केन्द्र के प्रधान डा. रीता सिंह ने मशरूम उत्पादन में ग्रामीण युवकों के लिए रोजगार के अवसर पर चर्चा कीं एवं प्रशिक्षणार्थियों से ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया। प्रशिक्षणार्थियों से इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को ढ़ींगरी मशरूम, श्वेत दूधिया मशरूम, धान पुआल मशरूम एवं बटन मशरूम के उत्पादन तकनीक के विभिन्न पहलूओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दी गयी साथ ही साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों से विभिन्न प्रकार के मशरूम का बैग सफलतापूर्वक तैयार करवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न मशरूम उगाने के दौरान लगने वाले रोग एवं कीट प्रबंधन की जानकारी भी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों से विभिन्न मशरूम इकाई स्थापना हेतु आदर्श परियोजना भी बनवाई गयी जिसमें प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन में लाभ लागत की जानकारी प्राप्त हुई। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 21 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों का ज्ञान मूल्यांकन भी किया गया। समापन सत्र में केन्द्र के प्रधान के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामला में आरोपित ससुर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज उत्पीड़न मामले में जहानाबाद की पुलिस ने कादीरगंज थाना क्षेत्र के अगरपुर गांव से कादिरगंज थाना के सहयोग से आरोपी ससुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अशोक यादव, पिता स्व।रामसागर यादव है। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है की विवाहिता अनिता कुमारी पिता उपेंद्र प्रसादस रामपुर बारा जो पाली थाना के जहानाबाद के निवासी हैंस जिन्होंने बिते 11. 4..2025 को महिला थाना में अपने पति, सास ससुर ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था, इस मामले में आरोपी पति पंकज कुमार पिता अशोक यादव एवं सनफूला देवी, ससुर अशोक प्रसाद समेत अन्य लोगों नामजद आरोपी बनाया था, अनीता कुमारी ने बताया कि 25. 6 .2023 को रामपुर बारा गांव में हिंदू रीति रिवाज के साथ पंकज कुमार के साथ शादी की गई थी, लेकिन शादी के बाद ससुराल में दहेज को लेकर मारपीट तंग तबाह किया जा रहा था इसको लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## ऑपरेशन मजनू के तहत पुनपुन में लफंगों की खैर नहीं

**पुनपुन पुलिस की महिला शक्ति टीम का चेकिंग अभियान**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन मजनूं के तहत अब लफंगों की खैर नहीं है। दरअसल पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी की नेतृत्व मे महिला शक्ति टीम के द्वारा पुनपुन के स्कूल, कॉलेज,एवं पार्क एवं लक्ष्मण झूला के आसपास जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है।गौरतलब है की महिला सुरक्षा के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन मजनू' अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और पार्कों के पास सख्त चेकिंग की है। महिला पुलिसकर्मियों ने छेड़खानी करने वाले मनचलों को लेकर सबक सिखाने के लिए हाथों में डंडे लेकर सर्च अभियान चला रहे है।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की पुलिस ने महिलाओं के साथ सड़क पर होने वाली छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए एक अनूठा पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इस योजना के तहत महिला पुलिसकर्मियों को उस इलाकों में तैनात किया गया, जहां छेड़खानी होती है, जैसे लक्ष्मण झूला, पुनपुन पार्क, कई स्कूल कॉलेज जगह पर जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाई गई है ,इसके अलावा लहरिया कट बाइकर्स गैंग स्पॉट को भी चिन्हित किया गया है। पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुंवारी ने बताया कि कई जगह पर मजनू को पड़कर उठक बैठक कराकर अंतिम चेतावनी देकर उसे छोड़ा गया है।

## बेमौसम बारिश का कहर : गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद, किसान हुए बेहाल



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. ऐसे मे मसौढी में तेज आंधी और बारिश ने तबाही मचाई. दरअसल शुक्रवार की शाम से चल रहे तेज हवा व बारिश ने किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है. जिले में बड़े पैमाने पर फसल बर्बाद हुई है. जिससे किसान काफी परेशान नजर आ रहे है. अभी अगले दो दिनों तक मौसम साफ नहीं होने का अनुमान जताया गया है. इस बेमौसमी बरसात ने किसानों को काफी परेशानी में डाल दिया. उसके मेहनत पर पानी फेर दिया. पिछले 6 माह से मेहनत कर उगाई फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है. आपको बता दें कि मसौढी में बड़े पैमाने पर मक्का, गेंहू, सरसों व मटर की खेती बड़े पैमाने पर होती है. सबसे ज्यादा मसौढ़ी के पश्चिमी इलाकों में इसका असर देखने को मिला है जहां भगवानगंज के किसानों ने बताया कि हमलोगों का तो मेहनत ही बर्बाद हो गया. गेंहू व सरसो खेतो में पक गया था. वहीं मक्का की फसल तैयार हो चला था. अब उसमें भुट्टा बन चुका था.इस आंधी ने मक्के के फसल को खेतों में गिरा दिया. वहीं पके फसल को इससे नुकसान और अधिक हो गया. सरसो का फसल जो कट गया था. उसमें कालापन होने की संभावना अधिक है. वहिं गेंहू का भी रंग मलिन हो जाएगा जिससे इसके कीमतों पर असर पड़ेगा. पहले तो जो फसल गिर गया उसको काटने में बड़ी समस्या होगी. क्योकि वह अब मशीन से नहीं कट पायेगा मजदूर मिलना मुश्किल होगा. वहिं मक्का को गिरने से उसके उत्पादन पर असर पड़ेगा. इस बार किसानों को मौसम की मार के कारण कर्ज में डूबना पड़ेगा.

## अथमलगोला में शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई ईद

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सबनिमा मस्जिद में बड़ी संख्या में अकीकतमंदों ने नमाज अता की। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है ताकि कोई दिक्कत न हो और लोग आराम से अपनी नमाज अदा कर सकें।खुशी की बात ये रही कि सब कुछ बहुत शांति और अच्छे तरीके से हो रहा है। कहीं कोई झगड़ा या परेशानी नहीं हुई, जिससे लोग और भी सुकून से अपनी ईद मना पा रहे हैं।इस संबंध में



जानकारी देते हुए मोहम्मद जबीर ने बताया कि ईद का असली पैगाम मोहब्बत फैलाना है। सिर्फ अपने लिए खुश होना नहीं, बल्कि उन लोगों को भी खुशी देना है जो किसी वजह से खुशी नहीं मना पाते, जैसे गरीब लोग या जरूरतमंद लोग। उनकी मदद करना, उनके साथ बैठना, उन्हें भी अपने साथ शामिल करना यही असली ईद है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलजुल कर रहना चाहिए और समाज में प्यार और भाईचारा बढ़ाना चाहिए।उन्होंने कहा कि एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद का दिन आता है, इसलिए इसका इंतजार हर किसी को रहता है। ये दिन अल्लाह की तरफ से एक खास इनाम होता है। पूरे महीने सब्र, इबादत और खुदा की बंदगी करने के बाद ये खुशी का दिन नसीब होता है। यही वजह है कि लोग इसे बहुत प्यार और इज्जत के साथ मनाते हैं।ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है।आज लोग मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं, गले मिलते हैं और एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। ज्ञात हो कि रमजान सबसे पवित्र समयों में से एक है, क्योंकि इसी महीने में पवित्र ग्रंथ कुरान नाज़िल हुआ था। रमजान के आखिर में ईद-उल-फितर रोजा तोड़ने का जश्न होता है। इस दिन दोस्त और परिवार के लोग मिलकर दावत करते हैं और एक-दूसरे को तोहफे देते हैं।

## धनरूआ के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दतमई में चोरों ने की दो समरसेबल मोटर पंप की चोरी





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के उतक्रमित मध्य विधालय में शुक्रवार देर रात स्कूल में लगे दो समरसेबल मोटर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरी की जानकारी शनिवार को लगी। स्कूल खुला तो समरसेबल गायब था। उसमे लगा पाइप फेंका हुआ था। उक्त संबध में प्रधानाध्यापक बृजमोहन कुमार द्वारा इसकी सूचना बीईओ को दी गई है। समरसेबल चोरी हो जाने से बच्चों को पानी की समस्या खड़ी हो गई है। वही संबंध में कादिरगंज थाने में लिखित अज्ञात पर प्राथमिक की दर्ज करवाई गई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैं।गौरतलब है की अज्ञात चोरों ने स्कूल परिसर से समरसेबल मोटर पंप चुरा लिया। यह मोटर 200 बच्चों के पीने के पानी के लिए लगाया गया था।विद्यालय प्रधानाध्यापक ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जब वे स्कूल पहुंचे तो देखा कि समरसेबल मोटर समेत अन्य सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इलाके में इन दिनों स्कूल, खेत और सरकारी भवनों से मोटर पंप चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। बीते तीन महीने में दर्जनों मोटर पंप चोरी हो चुके हैं।

## रामनवमी पर्व को लेकर पुनपुन थाना में शांति समिति की बैठक

**आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी पर्व में शांति और सौहार्द बनाए रखने को लेकर शनिवार को पुनपुन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ,मुख्य पार्षद रितेश पटेल, सर्किल इंस्पेक्टर शामिल रहे ।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि भड़काऊ और भ्रामक मैसेज पर ध्यान न देकर पुलिस प्रशासन को जानकारी दे, तभी सामाजिक सौहार्द्र बना रह सकता है। उपद्रवियों पर प्रशासन की पैनी निगाह बनी हुई है। लोगों ने रामनवमी जुलूस में उत्पन्न होने वाले समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया और उसके समाधान में सहयोग का भरोसा दिया। क्षेत्र वासियों को अफवाहों से दूर रहने की अपील किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने कहा जुलूस को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।संवेदनशील स्थानों पर प्रशासन विशेष सतर्कता बरतेगी लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील किया।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने कहा कि पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।वहीं स्पष्ट कहा कि निर्धारित रूट से ही रामनवमी शोभा यात्रा की जुलूस निकलेगी, बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइसेंस में ध्वनि प्रबंधक का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित रहेगा। जुलूस के दौरान गीत संगीत बजाने वाले की जिम्मेदारी तय की जाएगी जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के अमर्यादित गीत संगीत बजाने पर ध्वनि प्रबंधक इसके लिए जिम्मेदार होंगे तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने रामनवमी शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष को जुलूस के दौरान जुलूस नियंत्रण के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करने पूजा, जुलूस एवं मूर्ति विसर्जन का टाइमिंग पूर्ण रूप से निर्धारित कर पुलिस प्रशासन को लिखित जानकारी देने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं : जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार

**भागलपुर (नबिटासं)।** जिले में एल पी जी गैस की कोई कमी नहीं है। बुकिंग से ज्यादा संख्या में गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में अफवाह पर बिल्कुल ध्यान नहीं देने की जरूरत है। ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि विगत 20 मार्च को 12 हजार उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मुहैया कराया गया। जबकि बुकिंग इससे काफी कम थी। इस प्रकार दिन प्रतिदिन बैकलॉग तेजी से कम हो रहा है। जिले में कुल 58 एल॰पी॰जी॰ गैस एजेंसी है। जिसमें आईओसीएल के 33, एचपीसीएल के 16 एवं बीआरसीएल के 09 स्थानीय वितरक हैं। उन्होंने बताया कि एल पी जी गैस सिलेंडर की आपूर्ति के सिलसिले में उन सभी गैस कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधकों, जिले के नवगछिया, कहलगांव एवं भागलपुर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ प्रतिदिन गैस आपूर्ति के संबंध में नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके साथ ही जिले में जमाखोरी एवं कालाबाजारी के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु सभी प्रखंडो में धावा बल का गठन किया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि सभी घरेलु एल॰पी॰जी॰ गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार गैस उपलब्ध कराया जा रहा है। गैस सिलेंडर की जमाखोरी एवं कालाबजारी के विरूद्ध दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर मौजूदा समय में सभी घरेलु एल॰पी॰जी॰ गैस उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 0641 2402871 है। जिसके माध्यम से गैस उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जा रहा है।

### हत्या के प्रयास में फरार आरोपित पति गिरफ्तार

**आरा/भोजपुर (नबिटासं)।** नवादा थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बहिरो मोहल्ले से की।गिरफ्तार आरोपी नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो निवासी रविंद्र कुमार सिंह का पुत्र राहुल कुमार है। बताया जाता है कि राहुल कुमार के द्वारा शनिवार को अपनी पत्नी अनुराधा कुमारी को पहले डंडे से मारा गया। उसके बाद उसका गला भी दबाया गया। इस दौरान जब उसकी सास उसे बचाने गई। उसके पति द्वारा उनकी भी पिटाई कर दी गई, जिसे लेकर राहुल कुमार की पत्नी अनुराधा कुमारी द्वारा नवादा थाना में मारपीट करने के संबंध में राहुल कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद, क्षेत्र में भाईचारे का दिया संदेश

**जगदीशपुर/भोजपुर (नबिटासं)।** शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा का प्रतीक हाईद-उल-फितरहा का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही जगदीशपुर के पूर्व विधायक भाई दिनेश ने ईदगाह और मस्जिदों का दौरा किया। उन्होंने नमाज अदा कर बाहर निकल रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की दिली मुबारकबाद दी। पूर्व विधायक सबसे पहले मुख्य ईदगाह पहुँचे, जहाँ उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं माँगी। हमारी संस्कृति की असली खूबसूरती यही है कि हम सभी धर्मों के त्योहारों को मिल-जुलकर मनाते हैं।ह्यह्य नमाजियों से मुलाकात के बाद भाई दिनेश ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों का सघन भ्रमण किया। स्थानीय लोगों के साथ बैठकर जलपान किया और क्षेत्र की समस्याओं व विकास पर चर्चा की। कार्यकताओं में उत्साह भ्रमण के दौरान उनके साथ समर्थक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पूर्व विधायक के इस आत्मीय मिलन और सक्रियता की क्षेत्र में काफी चर्चा रही। लोगों ने भी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया और खुशियां बांटी।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत राजगीर में मंत्री ने बांटी बैट्री ट्राईसाइकिल

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** राजगीर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत दिव्यांग लाभुकों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाना है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और दिव्यांगजन भी इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जरूरतमंद दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर प्रखंड के कई दिव्यांग लाभुकों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रानी देवी, वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, कविता कुमारी, निति राज, पूर्व वार्ड पार्षद श्याम किशोर भारती, जदयू नेता सूरज यादव, बादल कुमार, मनोज कुमार, शावो देवी, मन्नु प्रसाद, शशि कुमार, आशुतोष कुमार पांडे और पप्पू कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नालंदा में जनगणना की तैयारी तेज, 126 फील्ड ट्रेनरों को मिलेगा प्रशिक्षण

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** नालंदा जिले में जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए कुल 126 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डीआरडीए कार्यालय के दो अलग-अलग भवनों में चार बैच में आयोजित होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने बताया कि प्रशिक्षण का पहला चरण 23 मार्च से शुरू होगा। पहले दो बैचों की ट्रेनिंग 23 से 25 मार्च तक एक साथ अलग-अलग हॉल में चलेगी, जिसमें प्रत्येक बैच में 32-32 शिक्षक शामिल होंगे। इसके बाद 26 से 28 मार्च तक दूसरे चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। तीसरे बैच में 32 और चौथे बैच में 30 शिक्षक भाग लेंगे। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मास्टर ट्रेनर अजीत कुमार, मनीष कुमार, योगेंद्र कुमार और राजीव कुमार को सौंपी गई है।

# बाइक से गिरकर महिला की मौत, घर में मचा कोहराम

## इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार में शनिवार की शाम घटी घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार के समीप शनिवार की शाम बाइक से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के पीपरा जगदीश गांव निवासी नेजामुद्दीन अंसारी की 40 वर्षीया पत्नी हाजरा खातून है। बताया जाता है कि उनके बहन के बेटे का तबीयत खराब था। शनिवार की दोपहर वह इमामुद्दीन के साथ बाइक द्वारा चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव अपने मायके बहन के बेटे को देखने गई थी। जब वह वापस गांव लौट रही थी। उसी दौरान बिहिया बाजार के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने के कारण वह असंतुलित होकर बाइक से गिर पड़े। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्री रेहाना, सहेना, मुस्कान व दो पुत्र गोलू एवं इमामुद्दीन है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बेमौसम आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसल को नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने आज यहां कहा कि भागलपुर जिला सहित राज्यभर में बेमौसम आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, मक्का, केला, लीची और आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि पहले से ही किसान चौतरफा मुसीबत झेल रहे हैं, कर्ज तले दबे हुए हैं। ऊपर से प्राकृतिक आपदा आंधी-तूफान और बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया। अन्नदाता किसानों के सपनों को ध्वस्त कर दिया। जोकि चिंता का विषय है। राजद प्रवक्ता ने बिहार सरकार से इस प्राकृतिक आपदा को गंभीरता से लेते हुए आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों और गरीबों को विशेष सहायता राशि प्रदान कर राहत पहुंचाने का काम करें। श्री यादव ने कहा कि आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का आकलन करने हेतु बिहार सरकार अविलंब वरीय अधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड स्तर पर टीम गठित करे। गठित टीम को जमीनी स्तर पर भेजकर सीधा किसानों से सम्पर्क कर फसल नुकसान का आकलन उपरांत किसानों को फसल नुकसान का उचित मुआवजा राशि अविलंब मुहैया कराई जाय।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद -उल-फितर का त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटोरिया (बांका)।** रमजान के तीस रोज बाद चांद का दीदार कर शनिवार को खुशियों का पर्व ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों नें समीप के मस्जिद ओर ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा कर अमन चैन ओर बरक्कत की दुआ मांगी।गले मिलकर सभी ने एक दुसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

हर उम्र के लोगों ने नमाज के लिए निर्धारित समय से पूर्व ही सुबह-सुबह इबादत स्थल पर पहुंच गये थे।खराब मौसम ओर बुदाबुंदी बारिश से नमाज में कठिनाइयों से थोड़ा बहुत नमाज में दिक्कत रहने के बाजुद भी ईद का उत्साह चरम पर था।फिर भी तय समय से कुछ घंटो लेट से मस्जिद के इमाम द्वारा नमाज अदा करवाई गई।जिसमे लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।छोटे बच्चे ओर जरूरतमंदों को ईदी भेंट की गयी। ईद को लेकर देर शाम तक मुबारकबाद देने का सिलसिला देर रात अनवरत जारी रहा। घोरमारा जामा मस्जिद के इमाम पीरे तरीकत हजरत मौलाना सुफी शैख जफर रजा कादरी नें कहा कि ईद के सामुहिक नमाज में गांव समाज देश तथा देशवासियो के लिए अमन चैन की दुआ मांगी गयी। ईद के साथ बीते एक महिनें से चले आ रहे उपवास पूरे हुए ।एक दुसरे से गले मिलने बधाई देने और सेवईयां खाने खिलाने का क्रम देर शाम तक जारी रहा। नमाज के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा किया गया।

# स्टेशन पर शुद्ध पानी को लेकर यात्रियों में हाहाकार, अधिक दाम वसूल रहे वेंडर्स

- यात्रियों की शिकायत पर कार्रवाई का स्टेशन प्रबंधक ने दिया निर्देश
- स्टेशन पर पानी की कीमत में खेल, यात्रियों से वसूले जा रहे अवैध रूप से अतिरिक्त राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर।** मार्च महीने में ही मॉडल स्टेशन जमालपुर पर पानी के लिए हाहाकार मचा है। यात्रियों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। स्टेशन प्रशासन ने शुद्ध पेयजल के लिए वेंडर्स द्वारा राशि पर मुहैया कराया जा रहा है। लेकिन अतिरिक्त राशि वसूलने की शिकायत यात्रियों ने शुरू कर दी है। प्लेटफार्म संख्या -1 और 4 मुंगेरिया प्लेटफार्म के बीच में एक पानी का वेंडर यात्रियों को दो रुपये अधिक वसूल करते पाया गया है। इससे यात्रियों खासा नाराजगी थी।

यात्री अरुण पासवान, अशोक कुमार, रमेश ठाकुर, रवि शंकर सिंह, बल्लभ कुमार, गुड़िया देवी, बादल यादव, विक्की कुमार ने बताया कि पानी की बोतल पर अंकित मूल्य 8 प्रति लीटर है,




लेकिन विक्रेता यात्रियों से 10 रुपये वसूल रहे हैं। जब यात्री इस पर आपत्ति जताते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि ह्लखुदरा नहीं है, अगर आपके पास ऑनलाइन स्कैन की सुविधा है तो 8 रुपये भेज दीजिए, नहीं तो 10 रुपये ही देना होगा।इस जवाब से यात्रियों में असंतोष और आक्रोश साफ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह गलत और अवैध है। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि स्टेशन पर शुद्ध पानी के लिए वेंडर्स शॉप की व्यवस्था की गई है। लेकिन अधिक राशि लेने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसी बात है तो वेंडर्स की दुकान का जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# ईद का पैगाम मोहब्बत फैलाना : पप्पू

## सपाध्यक्ष ने घूम-घूम कर दी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** ईद उल फितर के मौके पर शनिवार को सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने शहर में घूम-घूम कर मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी इस मुकद्दस मौके पर सपा अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि ईद का असली पैगाम मोहब्बत फैलाना है हम सपाई अल्लाह पाक से कामना करते हैं कि वह हम सभी को खुशियां सेहत और कामयाबी फरमाए और हम अपने देश की एकता अखंडता संप्रभुता एवं धर्मनिरपेक्षता को अक्क्षुण रख अपने गंगा जमुनी तहजीब का पैगाम विश्व विश्व में फैलाते रहे। वहीं दूसरी ओर ईद को लेकर ईदगाह में इमाम हाफिज मुजाहिद नवाज अदाकर अमन चैन भाईचारे का पैगाम देते हुए ईद मुबारक बोल कर सबों को बधाई दिए। इसके अलावा हर साल की तरह इस साल भी मुख्य पार्षद पार्वती देवी कई पार्षदों के साथ ईदगाह पहुंचकर ईद की बधाई मुसलमान भाइयों को देते हुए सर्व धर्म समभाव की कड़ी को मजबूत किया। ईद की बधाई देने के लिए ईदगाह परिसर के अलावे शहर के तमाम मस्जिद एवं बाजारों में राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव एवं पूर्व महागठबंधन इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र ताती गले मिलकर ईद की बधाई देते देखे गए। मौके पर वार्ड पार्षद दीपा सिन्हा, आलोक कुमार, कैलाश सिंह, समाजसेवी राजन मंडल, बादल सिंह, दिलीप कुमार सहित कई मौजूद थे।



# बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** प्रखंड के बिहार झारखंड बॉर्डर स्थित दर्दमारा यूको बैंक भनरा शाखा में शुक्रवार की रात करीब 9:00 बजे अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने की इस घटना में बैंक परिसर में लगे एसी,टेबल, लैपटॉप समेत अन्य जरूरी उपकरण जलकर राख हो गए। बताया जाता है कि अगलगी की घटना में करीब 2 लाख रुपये मूल्य का सामान नुकसान हुआ है।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही चांदन थाना पुलिस एवं कटोरिया अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के




बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि सूत्रों के अनुसार कुछ नगदी राशि के भी जलने की बात सामने आ रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक प्रबंधक समरजीत सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम अचानक हुई बारिश और तेज बिजली कड़कने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे बैंक आग के अंदर आग लग गई।

# बेटी की बरामदगी को लेकर माता-पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

## माता-पिता की गुहार पर गंभीर दिखे एसडीपीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार इलाके से तीन दिन पूर्व लड़की के अगवा किए जाने मामले को लेकर माता-पिता बेटी की बरामदगी को लेकर थाने का चक्कर लगाकर परेशान दिख रहे हैं। बेटी की बरामद की को लेकर थाना में एसडीपीओ अभिषेक आनंद से शिकायत करते हुए कहा कि मेरी बेटी को मोहनपुर के एक युवक बहला फुसलाकर गायब कर दिया है कुछ कीजिए हजूर हम लोग परेशान हैं।

पूरे मामले को सुनकर एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिए। इधर एसडीपीओ से मिले निर्देश के




बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने लड़की की बरामद की को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिए। इधर सीडीपीओ के इस पहल के बाद लापता एवं अगवा हुई लड़की के माता-पिता को थोड़ी राहत जरूर मिली है। इधर देर से ही सही लड़की अगवा मामले में जमालपुर पुलिस की कार्रवाई शुरू होने से मोहनपुर इलाके के एक परिवार के बीच हरकंप मची है।

# आरपीएफ इंस्पेक्टर को तबादले के बाद दी गयी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** रेलवे सुरक्षा बल की ओर से कटिहार से तबादले के उपरांत अपने आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार को नम आंखों से विदाई दी गई। आरपीएफ द्वारा रेलवे ऑफिसर्स क्लब में संध्या एक विदाई समारोह आयोजित की गई। जिसमें भावुक माहौल के बीच आरपीएफ इंस्पेक्टर को उनके स्थानांतरण के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर कटिहार के आरपीएफ को हँसकर जिसने अपनाया, ऐसे कर्मठ इंस्पेक्टर को सलाम है हमारा, जिन्होंने हर दिल में अपना स्थान बनाया। आयोजित विदाई समारोह का संचालन आरपीएफ के डिवीजनल इंस्पेक्टर रवि कुमार कनौजिया द्वारा किया गया। जिन्होंने विदाई के अवसर पर कई गीत प्रस्तुत किया। मौके पर आरपीएफ के दोनों सहायक कमांडेंट ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे जहाँ भी जाएँगे,अपनी कार्यशैली




के सहायक कमांडेंट धनंजय दास और न्यू जलपाईगुड़ी के आरपीएफ सहायक कमांडेंट पूजा गावले मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन से न केवल विभाग का मान बढ़ाया, बल्कि सहकर्मियों एवं आम लोगों के दिलों में भी विशेष स्थान बनाया। उनके नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रही और कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ विभाग को प्राप्त हुईं। इस अवसर पर आरपीएफ सीआईबी इंस्पेक्टर संतोष कुमार द्वारा भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक शायरी प्रस्तुत की गई। वर्दी की गरिमा को जिसने दिल से निभाया, हर चुनौती और समर्पण से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के अंत में आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह के दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार को सभी ने बुके और माला पहनाकर टाइगर जिंदा है के जोशीले नारे के साथ स्मृति चिह्न भेट कर विदाई दी। इस अवसर पर आरपीएफ के सीआईबी के इंस्पेक्टर संतोष कुमार, डिविजनल इंस्पेक्टर रवि कुमार कनौजिया, सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार, बबलू कुमार, मुक्ति शील सहित लगन देव कुमार, उदय कुमार, रंजित यादव सहित रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन प्रतिनिधि, आरपीएफ और जीआरपी के जवान आदि उपस्थित रहे ।

# रिमझिम बारिश के बावजूद लोगों में दिखा पर्व को लेकर खासा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र मे ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को आपसी भाइचारा और पूरे उत्साह के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सुबह से ही आसमान में छाई काली घटा और रिमझिम बारिश के कारण मौसम अनुकूल नहीं होने के बाबजूद , खुदा की इबादत में जुटे लोगों का उत्साह को कम नहीं हुआ। सुबह से हीं लोग नहा-धोकर और नये कपड़े पहनकर ईदगाह या मस्जिद पहुंचे और पूरी शिद्दत और समर्पण के साथ ईद की विशेष नमाज अदा की। रंग-बिरंगी टोपी एवं कपड़ों में सजे बच्चे, युवा और बुजुर्गों के झुंड को उत्साह के साथ ईदगाह की ओर जाते देखना सुखद अनुभव रहा ।



बारिश शुरू होने बाबजूद नमाजी डिगे नहीं। सजदे में झुके सिरों ने एक स्वर में अपनी,अपने समाज और मुल्क की खुशहाली, आपसी भाईचारे और अमन-चैन की दुआ मांगी।

इमाम और मौलवियों ने खुतबे के दौरान त्योहार की अहमियत बताया और कहा कि ईद केवल पकवानों और नये कपड़ों का त्योहार नहीं, बल्कि यह धैर्य, त्याग और मानवता की



सेवा का भी संदेश देता है।नमाज मुकम्मल होते ही फिजाओं में 'ईद मुबारक' की गूंज सुनाई देने लगी। लोगों ने एक-दूसरे को आपसी गिला शिकवा भूलाकर गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। खासकर बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बारिश में भीगते हुए भी अपनी ईदी और खिलौनों का आनंद लेना नहीं भूले। प्रखंड क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल तब देखने को मिली जब अन्य समुदायों के लोगों ने भी अपने मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर त्योहार की बधाई दी।इस दौरान लोगों पारंपरिक मिठाई सेवई का आनंद लिया।सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रखंड क्षेत्र के चौक-चौराहों सहित ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास प्रशासन मुस्तैद रहा। संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर दंडाधिकारीऔर पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। ईदगाहों में मेला तो नहीं दिखी लेकिन ईद को लेकर दुकानों में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल रही। दिन भर मेहमानों का आना और जाना लगा रहा।

# रफीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। एक माह तक चले पवित्र रमजान के बाद ईद के मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की।

महराजगंज मस्जिद, जामा मस्जिद इमादपुर, मदीना मस्जिद, मस्जिद-ए-आयशा (राजा बागीचा), हाजीपुर गोला सहित विभिन्न स्थानों पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद इमामों ने देश की सलामती, आपसी भाईचारे और क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर "ईद मुबारक" कहा। घर-घर में सेवइयों सहित विभिन्न व्यंजन बनाए गए और मेहमानों का स्वागत किया गया। इस दौरान अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सभी ने मिलजुलकर त्योहार मनाया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रफीगंज, कासमा एवं पौथु थाना पुलिस ने






संवेदनशील स्थानों पर गश्त की और प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने ईद के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इसे एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया।

## ईद पर राजद नेताओं ने लोगों से मिलकर दी मुबारकबाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** शनिवार को ईद उल फितर त्योहार के अवसर पर राजद कार्यकर्ताओं व नेताओं ने एक दुसरे को अभिवादन किया तथा बधाई दी। इस अवसर पर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद प्रत्याशी डॉ गुलाम शाही, राजद वरीय नेता रामेश्वर कुमार रौशन सहित अन्य लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयां खिला कर लोगों से खुशियों का इजहार किया। मदनपुर के गैवालगंज में रामेश्वर कुमार रौशन के घर पर राजद कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर डॉ गुलाम शाही ने कहा कि ईद त्याग, एकता, सौहार्द, प्रेम भाईचारा का प्रतीक है। हिंदू मुस्लिम, सिक्ख ईसाई आपस में भाई-भाई का पैगाम देता है। इस अवसर रामसुंदर यादव उर्फ लंबु यादव, मुरारी कुमार सोनी, पारस ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।



# मदनपुर में रसोई गैस के लिए सुबह से पहुंच रहे लोग, नहीं मिल रहा सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड में इन दिनों रसोई गैस को लेकर गंभीर संकट की स्थिति बनी हुई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि आम लोगों के लिए गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं लेकिन इसके बावजूद लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि गैस एजेंसी संचालक न तो उपभोक्ताओं का फोन उठा रहे हैं। विभिन्न इलाकों में गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सुबह से ही लोगों की भीड़ लग जा रही है। कई लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी बिना सिलेंडर लिए वापस लौट रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं ने पहले से बुकिंग कर रखी है, उनकी स्थिति भी बेहतर नहीं है। बुकिंग का स्टेटस पाइपलाइन में दिखा रहा है लेकिन डिलीवरी नहीं हो रही है। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना



है कि जब आम उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाया जा रहा तो समस्या का समाधान कैसे होगा। मदनपुर के पतेया से पहुंचे रोहित कुमार, बेरी के मुन्ना सिंह, रवि सिंह सहित बताते हैं कि सुबह से एजेंसी के बाहर गैस के लिए खड़े हैं परंतु अबतक गैस नहीं मिल सका है। एजेंसी के बाहर पर्ची साट दिया गया है कि गैस नहीं है। ऐसे में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि बुकिंग नंबर भी आ गया है। एजेंसी संचालक के द्वारा बताया जाता है कि गैस अभी उपलब्ध नहीं है। दो चार दिनों में गैस उपलब्ध हो सकेगा। गैस नहीं मिलने के कारण खाने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। किसी तरह लकड़ी पर खाना बनाने को मजबूर हैं।

# ध्वस्त छात्रावास बना तबेला, तीन दशक से उपेक्षित प्रखंड का एकमात्र आवासीय परिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के सरकारी दावों के बीच हसपुरा प्रखंड का एकमात्र छात्रावास बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। हसपुरा हाईस्कूल परिसर में वर्ष 1958 के आसपास निर्मित यह छात्रावास पिछले करीब तीन दशकों से ध्वस्त अवस्था में पड़ा है और वर्तमान में तबेले के रूप में उपयोग हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों तक इस जर्जर भवन की दीवारों पर उपले थोपे जाते रहे, जिससे इसकी स्थिति और खराब होती गई। प्रखंड के शिक्षाविदों का कहना है कि कभी यह छात्रावास दूर-दराज के गरीब एवं साधनविहीन छात्रों के लिए शिक्षा का मजबूत आधार हुआ करता था। यहां रहकर पढ़ाई करने वाले कई छात्र आज उच्च पदों पर आसीन हैं।




बताया जाता है कि उस समय प्रखंड मुख्यालय से दूर-दूर तक उच्च विद्यालयों की सुविधा नहीं थी। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र इस छात्रावास में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करते थे और माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते थे। छात्रावास का जिले में भी एक महत्वपूर्ण स्थान था। शिक्षाविदों के अनुसार, इस छात्रावास का निर्माण समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों को सुरक्षित आवास, भोजन और अध्ययन का अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन पिछले तीन दशकों से इसके ध्वस्त रहने के कारण छात्रों को इस सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।

इस बीच, पूर्व प्रधानाध्यापक प्रहलाद राम के कार्यकाल में नए कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण की पहल की गई थी। इसके लिए हाईस्कूल के पश्चिमी हिस्से में बाउंड्री वाल के बाहर जमीन चिन्हित कर पाइलिंग फाउंडेशन के तहत खुदाई भी शुरू हुई थी। हालांकि, जमीन विवाद के कारण निर्माण कार्य अधर में लटक गया और आज तक पूरा नहीं हो सका। स्थानीय लोगों एवं शिक्षाविदों ने प्रशासन से छात्रावास के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि इससे क्षेत्र के गरीब छात्रों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

## आपसी विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट, पिता-पुत्र घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बाबूगंज मोहल्ला में आपसी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, रामबाबू प्रसाद के पुत्र संजय कुमार गुप्ता का अपने छोटे भाई के साथ पानी लेने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि छोटे भाई, उसकी पत्नी और पुत्र ने मिलकर संजय कुमार गुप्ता, उनके पुत्र विवेक कुमार और पत्नी पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। घटना में संजय कुमार गुप्ता एवं उनके पुत्र घायल हो गए।

# अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, टेम्पो जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस दौरान शराब ढोने में प्रयुक्त टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि रघुनाथपुर रोड से किसुनपुर गांव की ओर एक टेम्पो से भारी मात्रा में शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम सक्रिय हुई और संबंधित मार्ग पर निगरानी शुरू की गई। इसी दौरान एक संदिग्ध टेम्पो को किसुनपुर की ओर जाते देखा गया, जिसे पीछा कर



रोका गया। तलाशी के दौरान टेम्पो से 170 बोतल (करीब 63 लीटर) अंग्रेजी शराब कार्टन में रखी हुई बरामद की गई। मौके पर ही टेम्पो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी शिवशंकर पासवान के रूप में की गई है। पुलिस ने जब्त शराब और टेम्पो को कब्जे में लेते हुए आरोपी को थाना लाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन लालदेव पासवान द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन एवं प्रतिमा जीर्णोद्धार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस वर्ष जयंती को भव्य और आकर्षक रूप से मनाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही कमिटी को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत से नए सदस्यों



को जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और जयंती को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए।

इस अवसर पर कई सुनील कुमार दीप, ललन दास, कृष्ण प्रसाद ,परमेश्वर बौद्ध, भीम कुमार , राजेंद्र कुमार राकेश, दीपक कुमार, धर्मेंद्र दास भारती, जितेंद्र नारायण ,लाल देव पासवान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

# भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो अंबा चौक का नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अंबा में बैठक कर प्रखंड स्तर पर भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शंभू चौधरी ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्लस टू उच्च विद्यालय चिल्हकी अंबा के परिसर में भव्य तरीके से बाबा साहेब की जयंती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मिशनरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। जयंती के प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता के लिए पंचायतवार पांच - पांच सक्रिय सदस्यों की टीम बनाई जाएगी।अगली बैठक में जयंती की तिथि निर्धारित की जाएगी। संघ ने अंबा चौक का नाम भीमराव अम्बेडकर चौक किए जाने की मांग की है। बैठक में नंदलाल राम, अविनाश कुमार, सुनील कुमार, कृष्णा राम, गुप्तेश्वर प्रसाद, शंभू शरण, संतोष राम, विनय राम, नागेंद्र कुमार सिंघम, विनय कुमार आदि उपस्थित थे।

# इश्तियाक अहमद खां की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शिवगंज पथ स्थित डाकबंगला के समीप सीपीआई कार्यालय परिसर में पार्टी के वरिष्ठ नेता मो. इश्तियाक अहमद खां की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम से पूर्व नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके पैतृक गांव धरहारा स्थित मजार पर चादरपोशी कर उन्हें नमन किया। कार्यालय परिसर में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि राज्य परिषद सदस्य रामचंद्र महतो का स्वागत किया गया। इसके बाद नेताओं ने खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप सिंह एवं



संचालन जिला मंत्री रामचंद्र सिंह ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि मो. इश्तियाक अहमद खां ने अपने जीवन में पिछड़े, दलित, किसान और मजदूर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया। रफीगंज में बिजली ग्रिड सहित कई लोक कल्याणकारी कार्यों में उनकी अहम भूमिका रही। 21 मार्च 1992 को असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। नेताओं ने कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और उनके विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री उपेंद्र नाथ शर्मा, सुरेश प्रसाद यादव, विकल शर्मा, अशोक यादव, महेंद्र पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण स्मृति मंच सभागार में कांशीराम की जयंती मनाई गई, लोगों ने किया पुष्प अर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** श्री कृष्ण स्मृति मंच सभागार में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय शर्मा के सौजन्य से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने की, जबकि संचालन ख्याली राम ने किया। इस अवसर पर आयोजक संजय शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांशीराम, जिन्हें बहुजन नायक के रूप में जाना जाता



है, एक प्रमुख भारतीय राजनीतिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने बहुजनों, पिछड़ों और समाज के निचले पायदान पर रहने वाले वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद कांशीराम ने पिछड़े और दलित वर्गों के बीच एकता स्थापित करने का प्रयास किया और अपने नारों के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत किया। उनके प्रयासों ने दलित और पिछड़े वर्गों को नई दिशा दी, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में रामप्रवेश कुमार भारती, ख्याली राम, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा और बसंत कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने समाज सुधारक के रूप में कई ऐसे कार्य किए, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने दलितों और गरीबों को सम्मान दिलाने तथा उन्हें समाज में ऊंचे स्थान तक पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कांशीराम और बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों और योगदान पर भी चर्चा की। सभी ने दोनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# ईद पर सामूहिक नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में ईद का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। हसपुरा, अमझरशरीफ, पीरू, गहना, रघुनाथपुर, पचरुखिया, सिहाड़ी, सलेमपुर, उदयभानचक सहित विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख आरिफ रिजवी, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां, समाजसेवी भोला कुरैशी और सरपंच बखोरा खां ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस दिन लोग सभी भेदभाव



भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं और समाज में शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। ईद के मौके पर खासकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# ओबरा में चैती नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड क्षेत्र में चैती नवरात्र का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना विभिन्न मंदिरों और पूजा समितियों द्वारा धूमधाम से की गई। मुख्यालय स्थित देवी मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही, जहां लोगों ने विधि-विधान के साथ पूजा कर माता का आशीर्वाद लिया। शुक्रवार की देर शाम देवी ब्रह्मचारिणी की विशेष पूजा और महाआरती का आयोजन किया गया। धार्मिक न्यास परिषद समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय कुमार और पूर्णिया जिले के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय



कुमार सोनी सहित अन्य अतिथियों ने मां भगवती की महाआरती कर आराधना की। पूजा के दौरान मंदिर के आचार्य पप्पू पाठक ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई। इस मौके पर बैद सुरेंद्र प्रसाद, स्मिता सोनी, अर्पिता सोनी, रवि सोनी, सहजानंद कुमार समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति के सचिव कुमुद रंजन, सदस्य अमित कुमार, प्रकाश कुमार और अकाउंटेंट ज्योति कूंवर ने अतिथियों को अंगवस्त्र, माता की चुनरी और पुष्प देकर सम्मानित किया। साथ ही भव्य रूप से महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सचिव कुमुद रंजन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी चैती नवरात्र में नौ दिनों तक भव्य रूप से मां भगवती की पूजा-अर्चना की जाएगी और यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें अतिथियों द्वारा महाआरती भी की जाती है। इस अवसर पर संजय कुमार और संजय कुमार सोनी ने कहा कि ओबरा देवी मंदिर की महिमा अपार है और मां भगवती के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन की सराहना की।

# ओबरा समेत विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्योहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा मुख्यालय सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में ईद का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शनिवार की शाम चांद दिखने के बाद अल्पसंख्यक परिवारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोग त्योहार की तैयारियों में जुट गए। रविवार सुबह निर्धारित समय पर मस्जिदों और कब्रिस्तानों में नमाज अदा की गई। ओबरा मुख्यालय के मस्जिदों और कब्रिस्तानों में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, जिला पार्षद शिव प्रकाश यादव, प्रमोद भगत, सुशील शौंडिक, मोहम्मद इरफानूल हक, मोहम्मद मुख्तार, एहसानुल हक समेत कई लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं बभनडीहा में भी नमाज अदा करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस मौके पर मुखिया मास्टर अंजुम, औरंगजेब आलम वारसी, हुमायूं अकबर, मोहम्मद जावेद सिद्दीकी, रिजवान अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी तरह कारा, मनोरा, बेल, भरूब, डिहरा और सुर्खी समेत कई स्थानों पर ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

# समृद्धि यात्रा में बच्चों का भावनात्मक उपहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब बृहद आश्रय गृह के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और स्नेह का अनोखा प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक आकर्षक फोटो भेंट की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत यह फोटो न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा का प्रतीक था, बल्कि उनके मन में बसे सम्मान और आत्मीयता को भी दर्शाता था। मुख्यमंत्री ने इस भावपूर्ण पहल की सराहना करते हुए बच्चों के प्रयास की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं आम लोगों ने भी बच्चों की इस रचनात्मक प्रस्तुति की भूरी-भूरी सराहना की। इस पहल ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके उत्साह को नई




ऊर्जा प्रदान की।

इस अवसर पर बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद के सहायक निदेशक महेशानंद भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के चांदी थाना पुलिस ने त्वरित और सटीक कार्रवाई का परिचय देते हुए गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने संभावित आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक अवैध लोडेड पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, दो मोबाइल फोन तथा एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि शनिवार की देर रात उन्हें विश्वसनीय सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो वाहन पर सवार दो संदिग्ध युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से अखगांव बांध की ओर से खनगांव होते हुए चांदी की ओर बढ़ रहे हैं। पुलिस टीम ने चांदी चौक से लेकर खनगांव बांध तक सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान खनगांव बांध के समीप एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो तेजी से आती दिखाई दी। पुलिस को देखते ही वाहन सवार दोनों युवक गाड़ी छोड़कर भागने लगे, लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को खदेड़कर दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विकास कुमार (23 वर्ष), पिता रामबाबू राय, निवासी खनगांव थाना चांदी, तथा बजरंगी कुमार (19 वर्ष), पिता स्व. जमींदार यादव, निवासी जमीरा थाना मुफस्सिल, जिला भोजपुर के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान विकास कुमार के पास से एक अवैध लोडेड पिस्टल और मैगजीन में तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि बजरंगी कुमार के पास से दो जिंदा कारतूस मिले। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि पुलिस पूरे नेटवर्क और संभावित आपराधिक साजिश की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

## पशु बांझपन शिविर में 112 पशुओं का उपचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी (भोजपुर)।** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार तथा प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय के तत्वावधान में शनिवार को गड़हनी प्रखंड के बड़ौरा पंचायत अंतर्गत रमडिहरा गांव में एक दिवसीय पशु बांझपन चिकित्सा सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रकांत कुमार निराला ने किया।

शिविर का उद्देश्य ऐसे पशुओं का उपचार करना था, जो गर्भधारण नहीं कर पा रहे हैं या बार-बार हीट में आ रहे हैं, साथ ही पशुधन से जुड़ी बीमारियों की पहचान और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना भी इसमें शामिल था। डॉ. निराला ने बताया कि पशुओं में बांझपन की समस्या बढ़ रही है, जिसके पीछे संक्रमण, खनिज लवणों की कमी और हार्मोन असंतुलन प्रमुख कारण हैं।

# बेमौसम बरसात ने किसानों को पहुंचाई क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम आई तेज आंधी के साथ बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है। लोगों के जनजीवन को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है। कई जगहों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों एवं बिजली के खंभों पर गिर गई। इस प्राकृतिक आपदा की सीधे असर किसानों पर पड़ी है, तेज आंधी तूफ़ान ने किसानों को व्यापक रूप से मक्के एवं गेहूं की फसल में क्षति पहुंचाई है। बलिया डंडारी प्रखंड क्षेत्र के भगतपुर सदानंदपुर राहतपुर बरियारपुर बिशनपुर ताजपुर बरबिघी पोखरिया फूलबरिया तेतरी, डंडारी, राजोपुर, कटरमाला, सिसौनी, मोहब्बा, बांक, कल्याणपुर, हरदिया, कटहरी, पचरुखी, प्रतारपुर मोहनपुर, मेहां, बलहा आदि ग्रामों में सैकड़ों एकड़ में लगे पका हुआ गेहूं एवं खड़े मक्के की फसल धराशाई हो गया है। बड़ी संख्या में किसानों के खेतों में लहलहाती फसलें तेज आंधी के साथ बारिश की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई है। जिससे उत्पादन पर गंभीर संकट मंडराने लगे हैं। पीड़ित किसानों में राहुल कुमार महतो, दीनानाथ झा, कौशल सिंह, अशोक कुमार सिंह, जयजयराम महतों, रामाशीष पंडित, सुरेश सिंह, मिथलेश कुमार आदि ने सामूहिक रूप से कहा कि अपनी फसल को बर्बाद होते देखकर हताश हो गए हैं। वहीं उन्होंने भविष्य में मक्का की खेती छोड़ने तक की भी बात कह दी है। किसानों का मानना है कि बढ़ते महंगाई की दरों पर खेतों की बुआई, खाद बीज एवं कर्ज उधार लेकर खेती किसानी का काम करते हैं। इस प्रकार से क्षति हो जानें के कारण किसानों को गहरा चोट पहुंची है। किसान इस तरह से क्षति होने के बाद सरकार से उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ताकि उनके परिवार के भरण पोषण एवं अन्य कार्य बाधित न हो सकेंगे। तेज आंधी का असर सिर्फ खेतों तक ही सीमित नहीं रहा। बल्कि कई जगहों पर कच्चे मकान और टीन के छप्पर वाले घर भी इसकी चपेट में आ गए। तेज हवा के कारण कई घरों के टीन उखड़ गए, जबकि कच्चे मकान के छप्पर क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि किसी प्रकार के जनहानि होने की खबर नहीं है लेकिन आर्थिक नुकसान काफी हुआ है। ग्रामीणों एवं किसानों ने स्थानीय प्रशासन से क्षति का सर्वे कर शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिल सकेंगे।



# बरौनी रिफाइनरी ने विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम का किया आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बरौनी रिफाइनरी ने शुक्रवार को जुबली हॉल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) के विकास हेतु विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें विषय हितधारकों को शामिल करें शिक्षित करें और प्रोत्साहित करें था। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्यमहाप्रबंधक (तकनीक) एस के सरकार, मुख्यमहाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) हंसराज गणवीर, मुख्यमहाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू मशाहारी, महाप्रबंधकगढ़, साथ ही मुख्य प्रबंधक,एनएसएसएचओ प्रमुख, बोधगया, मोहम्मद इक़बाल अहमद, संस्थापक (भारतीय उद्यमी संघ) दिनेश पासवान, डीआईसीसीआई (अध्यक्ष) बिहार, कैप्टन सत्य प्रकाश तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।अपने संबोधन में श्री प्रकाश ने रिफाइनरी के विक्रेताओं को मूल्यवान व्यापारिक साझेदार और रिफाइनरी परिवार के अभिन्न सदस्य के रूप में सम्मानित किया। उन्होंने संचालन, परियोजना निष्पादन और रखरखाव में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए बरौनी रिफाइनरी के सभी हितधारकों के पारस्परिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे अपने सेवाओं को जेम पोर्टल पर पंजीकृत करें ताकि वे सक्रिय रूप से भाग ले सकें और उभरते व्यापारिक अवसरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी संतोष व्यक्त किया कि बरौनी रिफाइनरी ने वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के लक्ष्यों को सेवाओं के क्षेत्र में प्राप्त किया है तथा उन्होने आगामी निविदाओं में उद्यमियों की बढ़ी हुई भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया। संजय रायजादा ने निविदा दस्तावेज़ों के प्रमुख अनुभागों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने के महत्व पर बल दिया ताकि सूचित और प्रतिस्पर्धी बोली लगाई जा सके। प्रतिभागियों को जेम के माध्यम से खरीद, श्रेणी बोली, पीपी-एलसी नीति और हाल के कर अद्यतन जैसे विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी गई। सामग्री विभाग, डाक विभाग, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा उद्यमियों के लिए विभिन्न योजनाओं/लाभों से संबंधित जानकारीपूर्ण स्टॉल भी लगाए गए। विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम सह कार्यशाला को विक्रेताओं से संतोषजनक प्रतिक्रिया मिली, जो विक्रेता समुदाय की गहरी रुचि और भागीदारी को दर्शाती है।

# युवक की गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** जिले के गीधा थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानपुर गांव में शनिवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को कथित अवैध संबंध के विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है, जो ट्रैक्टर चालक था। परिजनों के अनुसार, दोपहर में रवि अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी पड़ोसी सरोज कुमार अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक गोली रवि की दाहिनी आंख में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई रामाकांत कुमार ने सरोज कुमार पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपित को अपनी पत्नी के साथ रवि के संबंध होने का शक था और इसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपित पहले भी धमकी दे चुका था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध संबंध से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोपी की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## एक नजर

### पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था रही ठप

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम से हुई बेमौसम मुसलाधार बारिश और तेज हवा ने किसानों की कमर तोड़ दी। कुछ ही घंटों की बारिश में तैयार हो रही रबी फसलें बर्बाद हो गईं। वहीं, तेज आंधी के कारण दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई।जानकारी के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं और मकई की फसलें खेतों में ही गिर गईं। कई किसानों की सरसों की फसल कटकर खेतों में दौनी के लिए रखी हुई थी। जिसे भी भारी नुकसान पहुंचा है। मेहदौली, भरडीहा,अतरुआ, काजीरसलपुर, बनवारीपुर, पाली, चुरामनचक, बसही, सतराजेपुर, मल्हीपुर, महेशपुर, दहिया, दामोदरपुर समेत कई बहियारों में लहलहाती फसलें बारिश की भेंट चढ़ गईं।आंधी के दौरान कई घरों के एस्बेस्टस उड़ गए, जिससे हादसे की आशंका बनी रही। वहीं, जगह-जगह पेड़ गिरने से शुक्रवार शाम से ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पूरी रात क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा, जबकि शनिवार को भी बिजली की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी और दिनभर आंख-मिचौली जारी रही।इधर, तेयाय ओपी क्षेत्र के मनसेरपुर अतरुआ गांव में एक दर्दनाक घटना भी सामने आई, जहां एक पेड़ झोपड़ी पर गिर गया। जिससे झोपड़ी में बंधी गाय की दबकर मौत हो गई। संयोगवश झोपड़ी मालिक योगेंद्र साह उस समय अंदर नहीं थे, जिससे उनकी जान बच गई। काजी रसलपुर पंचायत के मुखिया सह मठाधीश प्रणव भारती, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुन्देश्वर प्रसाद सिंह, कांग्रेस अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद रामसोगारथ साह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों के नेताओं व क्षेत्र के किसानों ने सरकार से फसल क्षति का सर्वे कर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

### चोरी का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के संजात गांव में कुछ दिनों पूर्व एक दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 324/25 दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक युवक की पहचान की गई। पहचान के आधार पर संजात गांव निवासी मनोज चौरसिया के 18 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ राजा को आरोपित के रूप में चिन्हित किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर भगवानपुर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को संजात गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय भेज दिया गया है।

### अता हुई ईद-उल-फितर की नमाज

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। शुक्रवार की शाम चांद दिखने की सूचना मिलते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।शनिवार की सुबह लोग नहा-धोकर एवं नए वस्त्र धारण कर मस्जिदों की ओर रवाना हुए। प्रखंड के अतरुआ, समस्तीपुर, चुरामनचक, बसही,दामोदरपुर, कठरिया, भगवानपुर, मननपुर, गेहुनी, तकिया, छतरी टोल काजीरसलपुर, चंदौर, सूर्यपुरा एवं बनहारा समेत विभिन्न गांवों की मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भगवानपुर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर एवं तेयाय ओपी प्रभारी पंकज सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। प्रशासन की सतर्कता के कारण पूरे प्रखंड में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### बारिश से किसानों को भारी नुक्सान

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के नौला, गाड़ा, डीह, मुजफ्फरा, भवानंदपुर, पकड़ी, सरौंजा, पर्रा, वीरपुर, गेंहरपुर, बरैपुरा, खरमौली, समेत अन्य गांव के सैकड़ों एकड़ में लगे रबी फसलों को भारी नुक्सान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि शुक्रवार को अचानक तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश ने रबी फसल जैसे गेहुं जो पक कर तैयार हो गया था दो चार दिनों में उसकी कटाई की जाती और सरसों का फसल भी पककर तैयार था वो भी खेत में गिरकर नुकसान हुई है मक्का का फसल भी प्रभावित हुआ है। इसमें दाना बनकर तैयार हो था अब गिर गया है जिससे भारी नुक्सान किसानों को उठाना पड़ेगा जो किसान जमीन मालिक से ठीका पर खेती करते हैं। उनको सबसे ज्यादा नुक़सान होगा यूं कहा जाए तो खेती एक प्रकार का जुआ है सफल हुआ तो जीत नहीं तो मूलधन के साथ अपनी मेहनत भी नुकसान हो जाती है। वहीं तेज हवा के कारण वीरपुर प्रखंड वासियों को करीब बीस घंटे तक बिन बिजली में रहना पड़ा। भर रात अंधेरे में लोगों को रहना पड़ा। कई जगह पेड़ टूटकर रास्ते पर गिड़ा था जिससे रास्ते भी प्रभावित हुई।

### आंधी, तूफान एवं बारिश से फसल बर्बाद

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने किसानों की कमर तोड़ दी है। तेज हवा के साथ बारिश, पत्थर, ओला गिरने से फसल को और बर्बाद कर दिया। तेज हवा के कारण गेहूं एवं मक्का की फसल बड़े पैमाने पर खेतों में गिरकर बर्बाद हो गई। किसानों के अनुसार फसल लगभग तैयार थी और कई जगहों पर कटनी का कार्य भी शुरू हो चुका था, लेकिन अचानक आए तूफान ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया।रजाकपुर के किसान गंगा साह, बबलू कुमार, राजेश कुमार, गोपाल महतो एवं गणेश महतो ने बताया कि तेज हवा के कारण गेहूं के साथ-साथ मक्का की फसल पूरी तरह से धाराशाई हो गई है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। क्षेत्र के किसान सिर पर हाथ रख रो रहे हैं। वहीं पहसारा के किसान रामनाथ सिंह, रामानंद सिंह, मुरारी सिंह, मुन्ना सिंह, राहुल, कन्हैया, बबलू, शिवेश रंजन, कुणाल, रामाशीष एवं आलोक ने कहा कि उनकी खेतों में लगी लगभग तैयार फसल बर्बाद हो गई है। हसनपुर बागर के किसान राजीव कुमार, अंजनी कुमार एवं के डी सिंह ने भी बताया कि आंधी-तूफान ने उनकी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है।

# ईदगाह पहुंचे विधायक ने गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** ईद-उल-फितर के पवित्र अवसर पर जगदीशपुर के विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने ईदगाह पहुंचकर नमाजियों से मुलाकात की और गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि जगदीशपुर हमेशा से ही गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ''यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी समुदायों के लोग हर त्योहार को मिलकर मनाते हैं। जगदीशपुर पूरे बिहार के लिए सांप्रदायिक सद्भाव की एक मिसाल है। क्षेत्र के विकास और शांति की दुआ। विधायक ने सभी नमाजियों से मुलाकात की और उनसे जगदीशपुर व पूरे बिहार की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआ मांगने की अपील की। समस्याओं के समाधान का आश्वासन इस दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों और बुजुर्गों से बातचीत कर क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने ईदगाह के समीप छूटे हुए घेराबंदी (बाउंड्री वाल) के काम और साफ-सफाई की ओर ध्यान देते हुए आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इन कार्यों को पूरा करवाएंगे ताकि आने वाले समय में बच्चों और बुजुर्गों को किसी तरह की असुविधा न हो। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डु ने नगर के मुस्लिम वासियो को ईद की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# देवी मां प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में चौथे दिन यज्ञशाला की हजारों ने की परिक्रमा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** चांदी में चल रहे नौ दिवसीय श्री देवी माता जीर्णोद्धार सह प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञशाला में विधि-विधान से आवाहित देवताओं का पूजन किया गया। यजमानों ने ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा के साथ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में लोग यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। दूर-दराज के गांवों और शहरों से भी श्रद्धालु अपने परिवार के साथ यज्ञ में शामिल होने पहुंच रहे हैं। पूरा क्षेत्र जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज रहा है। यज्ञ कमिटी के सदस्य जागा कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष यज्ञ में श्रद्धालुओं की अपेक्षा से कहीं अधिक भीड़ उमड़ रही है। लोग दूर-दूर से आकर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति द्वारा समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। वहीं, समिति के सक्रिय सदस्य बबलू गोंड़ ने कहा कि श्री देवी माता यज्ञ पूरे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बन गया है। हर वर्ग के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हमारी कोशिश है कि यहां आने वाले सभी लोगों को सुरक्षित और सुचारु व्यवस्था मिले। यज्ञ स्थल पर धार्मिक आयोजन के साथ-साथ मेले जैसा दृश्य भी देखने को मिल रहा है। बच्चे विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद ले रहे हैं, वहीं लोग जलेबी और चाट जैसे व्यंजनों का स्वाद उठा रहे हैं। महिलाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, जो श्रृंगार की दुकानों पर पहुंचकर विभिन्न प्रकार की श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। संध्या समय काशी से पधारे स्वामी अभिषेक शास्त्री जी के मुखारविंद से प्रवचन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। प्रवचन स्थल पर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही है। पूरे चांदी क्षेत्र में इस यज्ञ को लेकर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव के साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग ले रहे हैं।

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, रबी फसलों को भारी नुकसान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर और आसपास के क्षेत्रों सकड्डी-चांदी में मौसम ने अचानक करवट ले ली। शाम करीब चार बजे तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ और किसानों की चिंता बढ़ गई। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला और लोग बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार ने बताया कि इस बेमौसम बारिश का सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। खासकर रबी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। गेहूं की खड़ी फसल गिर सकती है, जिससे उत्पादन में कमी आएगी। वहीं, पकी हुई सरसों की फसल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बारिश के कारण सरसों के दाने काले पड़ने की संभावना है, जिससे तेल की गुणवत्ता प्रभावित होगी और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा सब्जियों की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी हरी सब्जियां बारिश और तेज हवा के कारण बर्बाद हो रही हैं। जिन किसानों के आलू अभी तक खेतों में हैं, उनके सड़ने की संभावना बढ़ गई है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता रितिक ओझा ने बताया कि शुक्रवार शाम से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे, जो शनिवार तक तेज बारिश में बदल गया। इस अचानक हुई बारिश से जहां एक ओर किसानों को नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है और मौसम सुहावना हो गया है।

# रसोई गैस के लिए घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटे लोग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो (भोजपुर)।** पीरो अनुमंडल क्षेत्र में आम उपभोक्ताओं को रसोई गैस के लिए गैस एजेंसी के दफ्तर के चक्कर लगाने पड रहे हैं। यहां आम उपभोक्ता रसोई गैस के लिए अहले सुबह से ही कतार में लग जा रहे हैं। इसमें महिलाओं व बुजुर्ग लोग भी दिखाई देते हैं। कतार में खड़े लोगों को पांच से आठ घंटे इंतजार के बाद भी रसोई गैस का भरा सिलिंडर मिल जाएगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। स्थानीय अजय इंडेन गैस एजेंसी द्वारा एसडीएम के आदेश को को ताक पर रखकर रसोई गैस का होम डिलेवरी बंद कर दिया गया है। एजेंसी द्वारा अपनी मनमानी जारी रखते हुए रसोई गैस वितरण के लिए शहर में कुछ स्पाट निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित स्थलों पर भी सैकडों लोग घंटों कतार में खडे दिख रहे हैं। घंटों इंतजार के बाद एजेंसी के कर्मी छोटे वाहन पर बमुश्किल 30-40 सिलिंडर लेकर पहुंचते हैं पर वहां गैस के लिए 100 से भी अधिक लोग कतार बद्ध मिलते हैं। ऐसे में आधे से अधिक लोगों को निराशा हाथ लगती है। शनिवार को शहर के भागलपुर मोड पर सैकडों लोग कतार में खड़े होकर एजेंसी के वाहन का रसोई गैस लेकर पहुंचने का इंतजार करते रहे लेकिन एजेंसी का कोई नुमाइंदा वहां नहीं पहुंचा। जिससे घंटों कतार में खड़े लोग आक्रोशित दिखाई दिए। यह स्थिति हर दिन देखी जा रही है। एजेंसी के कर्मी महज 30-40 सिलिंडर वितरण कर अंतर्धान हो जा रहे हैं। जबकि एजेंसी को प्रतिदिन 450 सिलिंडर का आवंटन प्राप्त हो रहा है। इस मामले में एसडीएम के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बन कर रह गया है।

# ईदगाह में उमड़ा जन सैलाब, देश में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** आपसी भाईचारे और उल्लास का त्योहार 'ईद-उल-फितर' आज आरा सहित पूरे भोजपुर जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर शहर के प्रमुख ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की।नमाज के दौरान खुतबा पढ़ा गया, जिसके बाद सामूहिक रूप से हाथ उठाकर बारगाहे इलाही में देश और राज्य की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी गईं। नमाज खत्म होते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। छोटे बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा गया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। ईदगाह और मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे। शहर के मुख्य चौराहों पर बैरिकेडिंग कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया ताकि नमाजियों को किसी तरह की असुविधा न हो। शांतिपूर्ण माहौल में नमाज संपन्न होने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी संतोष व्यक्त किया और सभी को ईद की बधाई दी।

# चैती छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो जायेगा। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व 25 मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा। 24 मार्च को उदयगामी जबकि 25 मार्च को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस पर्व को लोग पूरी आस्था के साथ मनाते हैं। महिला एवं पुरूष दोनों छठ पर्व के व्रत को रखते हैं। पहले दिन व्रती नहाय-खाय करते हैं। इसके बाद छह नवंबर को खरना होगा। इसमें व्रती एक समय मीठा भोजन करती हैं। गुड़ के चावलों की खीर इस दिन बनती है। तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को शाम के समय अर्घ्य दिया जाएगा फिर अगले दिन 25 मार्च को उदीयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती पारण करते हैं। इस महापर्व को लेकर जिले के प्रसिद्ध सौर स्थल देव में काफी चहल-पहल देखी गई। सामानों की खरीदारी करने काफी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। हालांकि बढ़ती महंगाई के कारण




श्रद्धालुओं के उत्साह में थोड़ी कमी आयी है। इधर जिला प्रशासन की ओर से ऐतिहासिक देव छठ मेला को लेकर पानी, बिजली, आवासन, पार्किंग का आदि का खास ख्याल रखा गया है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जगह-जगह सीसीटीवी, यातायात को लेकर बैरिकेडिंग, ड्रोन कैमरा से निगरानी साथ ही साथ सभी जगह दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही साथ दोनों कुंडों पर मजबूत बैरिकेडिंग भी कराया गया है। मेला परिसर क्षेत्र में पार्किंग के लिए समुचित स्थल की व्यवस्था की गयी है। वहीं आकस्मिकता से निपटने हेतु एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम एवं सूर्यकुंड तालाब के पास पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट, गोताखोर जाल आदि की व्यवस्था रहेगा। सभी आवासन स्थलों में मेडिकल टीम 24 घंटा तैनात रहेगी।

## आज होगा उदघाटन

ऐतिहासिक देव चैती छठ मेला उदघाटन आज रविवार को बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद अभय कुशवाहा एवं राजाराम सिंह के अलावा बिहार विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, जीवन कुमार, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, गोह विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा, नवीनगर विधायक चेतन आनंद, ओबरा विधायक डा. प्रकाश चन्द्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी, देव प्रमुख कांति देवी नगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू साहिल आदि शामिल होंगे।

# आस्था, संस्कृति व परंपरा का प्रतीक है देव चैती छठ मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी देव चैती छठ मेला 2026 की तैयारी एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर देव मंदिर परिसर में देव मंदिर न्यास समिति के सदस्यों एवं पुजारियों के साथ सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं विधायक द्वारा देव चैती छठ मेला की संपूर्ण तैयारियों एवं मंदिर परिसर में चल रहे विकासात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालु भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हों। गौरतलब है कि देव चैती छठ मेला 2026 का आयोजन 22 से 25 मार्च तक किया जाना निर्धारित है। मेला का उद्घाटन 22 मार्च 2026 को देव स्थित सूर्यकुंड में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों सहित अन्य राज्यों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं व्रती छठ व्रत करने एवं देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु पहुंचते हैं। इस कारण मेला अवधि में अत्यधिक भीड़ रहने की संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक एवं समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मेला के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विधायक एवं जिलाधिकारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मंदिर न्यास समिति, पुजारियों तथा आम नागरिकों से अपील की कि मेला के सफल आयोजन हेतु प्रशासन का सहयोग करें तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि देव चैती छठ मेला जिले की आस्था, संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जिसे सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# विभिन्न मामलों में छह गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी, वाहन जांच और वारंट निष्पादन की कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में छह लोग हत्या प्रयास, पांच लोग मद्यनिषेध अधिनियम के तहत पकड़े गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में से 6 को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मद्यनिषेध अभियान के तहत पुलिस ने 153.20 लीटर देसी शराब एवं 63.750 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही सघन वाहन जांच अभियान के तहत 779 वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों के उल्लंघन पर 45500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा एक ऑटो, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया है।

# जिले में हर्षोल्लास व सौहार्द के साथ मना ईद-उल-फितर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** जिले में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न मस्जिदों में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। नमाजियों ने अल्लाह से अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। ईदगाह और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी। वहीं पर्व के दौरान एसडीओ संतन कुमार सिह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, अरविद कुमार सिह, उमेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार यादव सहित पुलिस बल के जवान मौके पर मौजूद रहे। शांति समिति के सदस्यों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शांति समिति के सदस्य मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल को विभिन्न जगहों पर तैनात किया गया था। ईदगाह की ओर जाने वाले रास्तों पर विशेष निगरानी रखी गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। विभिन्न स्थानों पर मीठी सेवइयों और पकवानों की खुशबू माहौल को और भी खुशनुमा बना रही थी। नगरवासियों ने प्रशासन और शांति समिति के सदस्यों की सराहना की जिनकी सक्रियता से पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने कहा कि ईद का यह त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। शांति समिति के सदस्यों ने भी सभी समुदायों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर जिले भर में खुशी और उमंग का माहौल देखा गया। बाजारों में चहल-पहल बनी रही और लोग एक-दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। वहीं जिला प्रशासन द्बारा सुरक्षा की पुख्ता व्यस्था की गई थी। जिला प्रशासन के तत्परता के साथ औरंगाबाद में ईद का पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया।

# इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आग लगने के बाद एक युवक ने चार मंजिला मकान से छलांग लगा दी जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया। बाद में दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की पहचान नरहर अंबा टोला कुम्हार बिगहा निवासी धरमु प्रजापति के 25 वर्षीय पुत्र शंभू प्रजापति के रूप में हुई है। युवक नोएडा सेक्टर-4 में काम करता था। एक महीना पहले ही घर से वह काम पर दिल्ली गया था। जानकारी के मुताबिक बुधवार को बिल्डिंग में आग लगी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते चार मंजिला इमारत के बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। चारों ओर धुआं फैल गया। अंदर मौजूद लोगों को कहीं बाहर निकलने का रास्ता नहीं दिख रहा था। परिजनों का कहना है कि हादसे में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। शंभू को बाहर निकलने का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं दिखा, तो जान बचाने के छत से नीचे छलांग लगा दी। चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कंपनी प्रबंधन से हादसे की सूचना मिली जिसके बाद परिवार के सदस्य दिल्ली पहुंचे। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिल्ली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार को शव दिल्ली से गांव लाने के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। उसके असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

चैत नवरात्र एवं लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के अवसर नगर परिषद, मसौढीवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



चंद्रकांत कुमार
उपमुख्य पार्षद
नगर परिषद, मसौढी (पटना)



चैत नवरात्र और चैती छठ के अवसर पर मसौढ़ीवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



शैल देवी
वार्ड पार्षद
वार्ड संख्या-26
नगर परिषद, मसौढी

शैलेंद्र कुमार सिंह
वार्ड पार्षद प्रतिनिधि
मसौढी (पटना)

# कार की टक्कर से दंपति सहित पांच जख्मी

## छठ को लेकर ससुराल जा रहे थे घायल दंपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव के समीप एनएच-139 पर औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य पथ की है। घायलों में नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के रामसागर गांव निवासी 42 वर्षीय बिरजू कुमार, 40 वर्षीय पत्नी रीमा देवी, 12 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी, 10 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी व 8 वर्षीय पुत्र पीयूष राज शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल बिरजू कुमार ने बताया कि वह अपने गांव रामसागर से बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी व तीनों बच्चों को लेकर दाउदनगर थाना क्षेत्र के पूर्णा बिगहा गांव अपने ससुराल जा रहा था। जैसे ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव के समीप पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पीछे से टक्कर मारते हुए फरार हो गया। कार की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया और उस पर सवार दंपति सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी की मच गई। स्थानीय लोगों ने कार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। घायल बिरजू ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार वालों के साथ ससुराल में छठ करने जा रहा था। उसके ससुराल में छठ पर्व की तैयारी चल रही थी, लेकिन छठ पर्व से पहले ही पूरा परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। इधर, घटना की सूचना पर परिवार व ससुराल के लोग सदर अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों का हाल जाना। इसके बाद आगे की इलाज की प्रक्रिया में जुट गए। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि दुर्घटना में दंपति सहित पांच लोग घायल हुए हैं, फिलहाल सभी का इलाज किया जा रहा है।

बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेन्द्र प्रसाद
जिला शिक्षा पदाधिकारी
औरंगाबाद (बिहार)

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संजय कुमार सिंह
विकास अधिकारी
भारतीय जीवन बीमा निगम, औरंगाबाद

# एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे शहरवासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर में रसोई गैस की भारी किल्लत से आम लोग परेशान हैं। एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर सरकार और प्रशासन के दावों के बावजूद जमीनी हकीकत अलग नजर आ रही है। शहर के दानी बिगहा में मगध एजेंसी के उपभोक्ताओं की लंबी कतार सुबह 7 बजे से ही लग गई। लोगों का कहना है कि तीन-तीन घंटे तक लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस वाहन के आने की कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिल रही है। करीब 500 से अधिक उपभोक्ता घंटों इंतजार करते रहे। उपभोक्ता नित्यानंद कुमार ने बताया कि वे पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा। सिर्फ दानी बिगहा जाने की सलाह दी जा रही है। वहीं, शहर में भारत गैस के उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य उपभोक्ता हरिओम कुमार ने बताया कि उन्हें आठ दिन पहले ओटीपी मिला था, इसके बाद मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज भी आ गया और सब्सिडी की राशि भी खाते में पहुंच गई, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। उन्होंने इसे एजेंसी की मनमानी और डेटा हैंडलिंग में गड़बड़ी बताते हुए कालाबाजारी की आशंका जताई। गैस की कमी के कारण कई घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है और लोग वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मजबूर हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने और व्यवस्था में सुधार की मांग की है ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।




देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम, पटना-10 द्वारा संचालित

- B.ED. पाठ्यक्रम- एन.सी.टी.ई. भुवनेश्वर द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स एवं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध।
- D.EL.ED. पाठ्यक्रम- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स।

बिहार दिवस 22 मार्च 2026 के अवसर पर बिहारवासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. राणा अवधेश
भा.प्र.से. (सेनि.)
सचिव

विजय प्रकाश
भा.प्र.से. (सेनि.)
अध्यक्ष

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रात्रि सघन वाहन जांच एवं गश्ती अभियान चलाया गया। त्योहार के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों व जवानों की टीम द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों तथा मुख्य सड़कों पर विशेष रूप से वाहनों की जांच की गई। रात्रि के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन तलाशी लेकर उनकी पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह के अभियान से अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलती है तथा आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत होता है।

बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



निरन्तर आगे बढ़ते बिहार में पूर्णतः पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक माहौल में बेहतर शिक्षा के माध्यम से एक छोटा से योगदान हमारा भी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
तिलौथू (रोहतास)



मैकू राम
प्राचार्य